हरिभूमि
# रायपुर भूमि



महादेव विसर्जन कुंड सहित आसपास लगा ढांचों का ढेर





## पांचवें दिन भी खारुन कुंड की ओर यात्रा... अब तक 6000 प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में 11 दिनों तक गणेश पंडालों, घरों और प्रतिष्ठानों में श्रद्धापूर्वक स्थापित गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला बुधवार को पांचवें दिन भी भी जारी रहा। महादेवघाट खारुन नदी के पास बनाये गये विसर्जन कुंड में सुबह से लेकर देर शाम तक गणेश उत्सव समितियां गणपति की प्रतिमा का विसर्जन करने पहुंचती रहीं। इस दौरान 4080 ▶▶|शेष पेज 13 पर



### झांकी रूट में रोड वैक्यूम क्लीनर मशीन से सफाई

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गणेश विसर्जन झांकी रूट में रोड वैक्यूम क्लीनर मशीन जटायु वाहन की सहायता से सफाई कराई जा रही है। विसर्जन व्यवस्था की निगरानी के लिए नगर निगम मुख्यालय और जोन अधिकारी व ▶▶|शेष पेज 13 पर



### मूर्ति खंडित होने से फूटा गुस्सा, क्रेन चालक की जमकर पिटाई, कांच तोड़ा

राजधानी में गणेश विसर्जन के दौरान बुधवार सुबह 4 बजे प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक हादसा हो गया। सूत्रों के मुताबिक गणेश प्रतिमा को क्रेन से विसर्जित करते समय अचानक क्रेन का पट्टा स्लिप कर गया, जिससे प्रतिमा नीचे गिर कर खंडित हो गई। इस घटना के बाद समिति के युवाओं में आक्रोश फैल गया। बिफरे युवाओं ने क्रेन चालक की जमकर पिटाई कर दी। यही नहीं, आक्रोशित युवाओं ने क्रेन के कांच में तोड़फोड़ की। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वहीं संबंधित क्रेन चालकों ने 2 घंटे तक काम बंद रखा।

## खबर संक्षेप

### तीन गांजा तस्करों को कैद के साथ जुर्माना

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व पकड़े गए चार गांजा तस्करों में से तीन को शैलेश शर्मा की स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट ने कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक स्वाति शर्मा के अनुसार कोर्ट ने शारदा बबलानी को 10 वर्ष कैद के साथ एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। शारदा के सहयोगी दिलीप निषाद तथा शुभम साहू को तीन-तीन वर्ष कैद के साथ 25-25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। एक अन्य आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए कोर्ट ने बरी कर दिया। पुलिस ने 10 जनवरी 2024 को लाभांडी के पास आरोपियों के कब्जे से 20 किलो गांजा जब्त किया था।

### ई-चालान के नाम से ठगी, जारी किया अलर्ट

**रायपुर।** ट्रैफिक पुलिस के नाम से फर्जी ई-चालान भेजकर लोगों के साथ ठगी करने की बढ़ती घटनाओं को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस के अनुसार किसी नंबर से आरटीओ ई-चालान के नाम से एपीके फाइल आने पर किसी भी तहत से एपीके फाइल का लिंक नहीं खोलने लोगों को सतर्क किया गया है। एपीके फाइल खोलने पर मोबाइल के साथ कम्प्यूटर, लैपटॉप हैक हो जाता है। जालसाज इसका फायदा उठाकर लोगों के साथ ठगी करने के साथ अकाउंट में जमा पैसे निकाल सकते हैं।

### रोजाना औसतन तीन से पांच हजार मरीज के हाथ लग रही निराशा, कई हेल्थ सेंटरों में ताले

## हेल्थ सेंटरों में ऐसे लगे ताले कि बीपी-शुगर की दवाइयां भी नहीं मिल रही, खून जांच भी ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

अपनी बीमारी और गर्भावस्था के दौरान नियमित रक्त जांच के लिए मरीजों को निजी लैब में पैसे खर्च करने की मजबूरी है। प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, हमर अस्पताल यहां तक हमर लैब में भी एनएचएम की हड़ताल की वजह से जांच पूरी तरह ठप है। केवल रायपुर जिले के हेल्थ सेंटरों में प्रतिदिन तीन से पांच हजार जांच होती है, जिसके लिए जरूरतमंद मरीजों को निराश होना पड़ रहा है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी नियमितीकरण सहित विभिन्न मांगों को लेकर 18 अगस्त से हड़ताल पर हैं, जिसकी वजह से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवा की स्थिति गंभीर होने लगी है। सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर बीपी-शुगर जैसी बीमारियों की निशुल्क दवा प्राप्त करने वाले मरीजों को हड़ताल खत्म होने का इंतजार करना पड़ रहा है। गर्भवती महिलाओं को टीका लगवाने का एकमात्र सहारा एमसीएच कालीबाड़ी है, जहां छोटी प्रक्रिया पूरी करने के लिए भी उन्हें लंबी लाइन लगानी पड़ रही है। यहां सामान्य दिनों की तुलना में दोगुने मरीज और काम करने वाले चिकित्सकीय स्टाफ के आधे से कम होने की वजह से भारी अव्यवस्था का माहौल बन रहा है। एक छोटा सा वजन कराने के लिए भी गर्भवती महिलाओं को तीन से चार घंटे प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। छोटे स्वास्थ्य केंद्रों में लगे ताले की वजह से आम मरीजों की हालत और खराब होने लगी है। उन्हें जांच और दवाओं की सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। अनुमान के अनुसार जिले के एक स्वास्थ्य केंद्र में सामान्य दिनों रोजाना सौ से डेढ़ सौ ब्लड सैंपलों की जांच होती है। छोटे टेस्ट स्थानीय स्तर पर पूरे होते हैं और थायरायड सहित अन्य बड़े टेस्ट के लिए 20 से 25 सैंपल हमर लैब भेजे जाते हैं, जो हड़ताल की वजह से पूरी तरह ठप पड़ा है।

### भटक रहे मरीज, नियमित टीका के लिए एकमात्र एमसीएच सहारा









### टीबी की दवा भी नहीं

टीबी उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे अभियान पर एनएचएम की हड़ताल का असर हुआ है। कालीबाड़ी स्थित टीबी अस्पताल से पंजीकृत मरीजों को निशुल्क दवा का वितरण किया जाता है। कर्मचारियों के काम पर नहीं आने की वजह से यह व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। मरीजों को अपनी नियमित दवा के लिए बड़े अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। टीबी के चिन्हित मरीजों को नियमित रूप से 6 महीने तक दवा का सेवन करना अनिवार्य होता है।

### हमर क्लीनिक पूरी तरह बंद

*हड़ताल की वजह से राजधानी और बिरगांव इलाके में संचालित हमर क्लीनिक पूरी तरह बंद को चुके हैं। हमर क्लीनिक में 90 फीसदी स्टाफ एनएचएम के हैं, उनकी हड़ताल की वजह से वहां ताले लग चुके हैं। इस हेल्थ सेंटर में नियमित जांच के साथ दवाओं का वितरण भी किया जाता है जो बंद है। हड़ताल करने वालों में डाक्टरों से लेकर चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी भी शामिल हैं, जिसकी वजह से इन्हें स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ माना जाता है।*

### शहर में प्रभावित है स्वास्थ्य व्यवस्था

- 18 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र
- 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
- 50 से ज्यादा हमर क्लीनिक,
- 1 जिला अस्पताल पंडरी
- 1 मातृ शिशु चिकित्सालय कालीबाड़ी
- 1 सिविल अस्पताल माना

### बढ़ गया इंतजार

## दस्तावेजों की जांच में ऑल इंडिया कोटे की काउंसिलिंग की तारीख उलझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- राज्य नियतांश की 186 के करीब सीटों पर होना है प्रवेश

सीटों में बढ़ोतरी और एनआरआई कोटे के दस्तावेजों की जांच का हवाला देकर एमसीसी ने मेडिकल और डेंटल की यूजी काउंसिलिंग का शेड्यूल आगे बढ़ा दिया है। अखिल भारतीय कोटे के दूसरे चरण की सीटों पर एडमिशन की तिथि में बदलाव की वजह से राज्य कोटे की प्रवेश प्रक्रिया भी आगे खिसक चुकी है। पहले राउंड का एडमिशन 23 अगस्त के आसपास पूरा हुआ था।

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में कुल सीटों का 15 फीसदी हिस्सा ऑल इंडिया कोटे से भरा जाता है। रायपुर जिले के दस मेडिकल कालेजों में करीब ढाई सौ सीट ऑल इंडिया कोटे की है। पहले राउंड की काउंसिलिंग के बाद राज्य में इस कोटे की 40 सीट बाकी है। वहीं एकमात्र शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में 6 सीट बाकी है। पूर्व में एमसीसी द्वारा दूसरे राउंड के एडमिशन के लिए संभावित शेड्यूल जारी किया था। इसे मंगलवार को सर्कुलर जारी कर स्थगित कर दिया गया। इसके लिए यूजी की सीटों में बढ़ोतरी के साथ एनआरआई के दस्तावेजों की जांच का हवाला दिया गया था। इसकी वजह से राज्य में दूसरे राउंड के काउंसिलिंग को ▶▶|शेष पेज 13 पर

### अभा. कोटे रायपुर में 17 सीट बाकी

जानकारी के अनुसार शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में ऑल इंडिया कोटे की 17 सीट बाकी है। इसके अलावा अन्य 9 कालेजों में रिक्त सीटों का संख्या 5 से कम नहीं हो पाई है। पहले अभा. कोटे की रिक्त सीट दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के बाद शेष बचने पर राज्य कोटे में कनवर्ट हो जाती थी। पिछले कुछ सालों से इस पर एडमिशन एमसीसी के माध्यम से ही पूरा किया जाता है।

## पति प्रताड़ित महिला खुद पर आग लगाकर थाने के अंदर घुसी, मची अफरा-तफरी

*खुदकुशी की कोशिश करने वाली महिला ने प्रेम विवाह किया था, पति पर आधी रात घर से निकालने का आरोप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





महिला थाने में बुधवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया और दौड़ते हुए थाने के अंदर घुस गई। मौके पर उपस्थित महिला पुलिसकर्मियों ने महिला पर पानी तथा कंबल डालकर उसे बचाया। महिला को गंभीर हालत में उपचार के लिए डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला 70 प्रतिशत झुलस गई है। महिला पुरानी बस्ती के कैलाशपुरी की रहने वाली है। महिला ने पांच वर्ष पूर्व शिवम गोस्वामी नामक युवक से प्रेम विवाह किया था। महिला के दो बच्चे हैं।

पुलिस के अनुसार वर्षा देवांगन ने खुद पर आग लगाकर खुदकुशी करने की कोशिश की है। महिला थाने की स्टाफ के मुताबिक महिला काउंसिलिंग के लिए यातायात थाना पहुंची थी। वह यातायात थाना से निकलकर ▶▶|शेष पेज 13 पर

### 15 मिनट इंतजार के बाद पहुंची 112 की टीम

गंभीर रूप से झुलसी महिला को अस्पताल ले जाने पुलिसकर्मियों ने डॉयल 112 के साथ 108 को कॉल किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉयल-112 की टीम 15 मिनट इंतजार के बाद महिला थाना पहुंची और महिला को उपचार कराने डीकेएस अस्पताल लेकर पहुंची। तब तक आग से झुलसी महिला थाना परिसर में तड़पती रही।

### पति पर आरोप

वर्षा देवांगन ने शिवम से वर्ष 2020 में लव मैरिज की थी। प्रेम विवाह करने के बाद कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक रहा। महिला के परिजनों के अनुसार शादी के छह माह बाद शिवम अपनी पत्नी को प्रताड़ित करने के साथ उसके साथ मारपीट करता था। शिवम आदतन जुआड़ी होने के साथ सट्टा खेलने का आदी है। इसके कारण वह अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर आधी रात को घर से बेघर कर देता था। साथ ही वर्षा को तथा उसके भाई को चाकू मारने के ▶▶|शेष पेज 13 पर

### पुरानी बस्ती पुलिस ने काउंसिलिंग के लिए भेजा था

दीपावली के समय की घटना के बाद वर्षा ने अपने पति के खिलाफ पुरानी बस्ती थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने पति-पत्नी का झगड़ा मानकर काउंसिलिंग के लिए महिला थाना भेज दिया था। परिजनों ने आरोप लगाया है कि थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद शिवम वर्षा को पहले से ज्यादा प्रताड़ित करने लगा था। साथ ही काउंसिलिंग में जब मर्जी होती, वह पहुंचता था। ▶▶|शेष पेज 13 पर

## ऑनलाइन नहीं होगी मनोविज्ञान और पोषण संबंधित विषयों की पढ़ाई


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- शिवविद्यालयों को दिए गए निर्देश, तर्क- इन पाठ्यक्रमों में व्यावहारिक ज्ञान जरूरी

मौजूदा शैक्षणिक सत्र से मनोविज्ञान, पोषण और अन्य स्वास्थ्य संबंधी विषयों की पढ़ाई अब ऑनलाइन या दूरस्थ शिक्षा मोड में नहीं होगी। यूजीसी ने सभी विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को इस संदर्भ में निर्देश जारी कर दिए हैं। वे इन विषयों को अब केवल नियमित यानी ऑफलाइन मोड में ही पढ़ा सकेंगे। आयोग का कहना है कि जिन विषयों का सीधा संबंध स्वास्थ्य सेवा और व्यावहारिक प्रशिक्षण से है, उन्हें ऑनलाइन मोड में पढ़ाना छात्रों और समाज दोनों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। यह प्रतिबंध राष्ट्रीय सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख-रेख वृत्ति आयोग अधिनियम 2021 के तहत लागू किया गया है। इस अधिनियम में शामिल विषय जैसे मनोविज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान, खाद्य एवं पोषण विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, नैदानिक पोषण और आहार विज्ञान को अब दूरस्थ या ऑनलाइन माध्यम से पढ़ने की अनुमति नहीं होगी।

### वापस ली जाएगी मान्यता

यूजीसी के मुताबिक वर्तमान सत्र और उसके बाद से इन कोर्सों को ऑनलाइन या दूरस्थ शिक्षा में पेश करने पर पूरी तरह से रोक लगा दी जाएगी। यहां तक कि अगर किसी संस्थान को पहले से इन विषयों की मान्यता मिली हुई है तो वह भी वापस ले ली जाएगी। साथ ही, किसी भी विश्वविद्यालय को इन कोर्सों में नए छात्रों को दाखिला देने की अनुमति नहीं होगी। इस निर्णय के पीछे सबसे बड़ा कारण शिक्षा की गुणवत्ता बताया जा रहा है। आयोग का मानना है कि मनोविज्ञान और पोषण जैसे विषय सिर्फ किताबों से नहीं सीखे जा सकते। इनमें व्यावहारिक ज्ञान, प्रयोगशाला कार्य और फील्ड ट्रेनिंग जरूरी होती है। यूजीसी पहले से ही कई प्रैक्टिकल और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों पर ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा में रोक लगा चुका है। इनमें ▶▶|शेष पेज 13 पर




पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## एकाएक बिगड़ा मौसम, जोरों की गर्जना के साथ बिजली भी गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी का मौसम दोपहर होते ही एकाएक बिगड़ गया। आधे घंटे तक बादल जमकर गरजे और प्रदेश के कुछ हिस्सों में बिजली भी गिरी। दोपहर बाद एक बार फिर मौसम बदला और बादल जमकर गरजे साथ ही हल्की बारिश भी हुई। अगले चौबीस घंटे में बस्तर के साथ रायपुर संभाग के कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

राजधानी के मौसम में बुधवार सुबह से बदलाव नजर आ रहा था। वातावरण में मौजूद नमी के असर से विजिबलिटी कम नजर आई। दोपहर हल्की बूंदाबांदी वाली स्थिति बनी, फिर मौसम का मूड बदला और आधे घंटे तक बादलों की भारी गर्जना होने के साथ जमकर बिजली चमकी। इतना ही नहीं, कुछ स्थानों पर बिजली भी गिरी, जिससे लोगों को नुकसान उठाना पड़ा। दोपहर बाद मौसम शांत ▶▶|शेष पेज 13 पर

# अब एक साथ 3 दुकानों में हो सकेगी विदेशी शराब की सप्लाई, नियम तोड़ा तो 5 लाख तक का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के आबकारी विभाग ने विदेशी शराब के परिवहन का तरीका बदला है। अब ब्रेवरेज कार्पोरेशन के गोदाम से निकले एक ट्रक (वाहन) से विदेशी मदिरा दुकान या तीन कंपोजिट शॉप को शराब सप्लाई की जा सकेगी। अब से पहले तक नियम था कि एक वाहन से एक ही दुकान में सप्लाई हो सकती थी। खास बात ये है कि सरकार ने ये भी साफ किया है कि इस नियम को तोड़ने वाले परिवहनकर्ता पर 50 हजार से लेकर पांच लाख रुपयों तक का जुर्माना किया जा सकेगा।

### ये है मामला

राज्य सरकार ने विदेशी शराब की परिवहन व्यवस्था में बदलाव के लिए छत्तीसगढ़ विदेशी मदिरा अधिनियम 1996 में संशोधन किया है। अब यदि एक से अधिक विदेशी मदिरा दुकान या कंपोजिट शॉप एक ही मार्ग (रूट) पर है तो एक से अधिक या तीन दुकानों के लिए मदिरा का परिवहन एक साथ किया जा सकेगा। इसके लिए हर दुकान के लिए अलग-अलग परिवहन परमिट जारी जाएंगे। जिसमें हर दुकान के लिए परिवहन के लिए तय समयावधि भी अंकित की जाएगी।

- आबकारी विभाग ने बदला 29 साल पुराना नियम
- अब तक एक वाहन से एक दुकान में होती थी सप्लाई



फाइल फोटो

### इस तरह होगी सप्लाई

नियम में कहा गया है कि एक से अधिक मदिरा दुकानों में सप्लाई की स्थिति में पहली दुकान के लिए तय समय सीमा में परिवहनकर्ता द्वारा मदिरा की सप्लाई करनी अनिवार्य होगी। पहली दुकान में शराब अनलोड होने के बाद आबकारी विभाग के कर्मी दूसरी दुकान के लिए वाहन को रवाना करेंगे। परमिट में वाहन की रवानगी की तारीख और समय का उल्लेख होगा। परमिट पर हस्ताक्षर और सील भी होगी। इसके बाद यही तरीका दूसरी और और तीसरी दुकान के लिए अपनाया जाएगा।

### लगेगा शुल्क भी

नियम के मुताबित एक से अधिक दुकानों के लिए परिवहन करने पर पहली के अलावा दूसरी तीसरी दुकानों के लिए प्रति दुकान 500 रुपए शुल्क आनलाइन माध्यम से लिया जाएगा। यह शुल्क वापस नहीं होगा। मदिरा का परिवहन न किए जाने पर भी यह राशि किसी अन्य मद में समायोजित नहीं की जाएगी।

### नियम तोड़ा तो 5 लाख तक जुर्माना

एक वाहन से एक से अधिक दुकानों में शराब परिवहन के नियम को तोड़ने पर परिवहनकर्ता पर न्यूनतम 50 हजार से लेकर 5 लाख रुपयों का जुर्माना लगेगा। यही नहीं एक बार नियम तोड़ने और बार-बार यही उल्लंघन करने पर एक हजार से 10 हजार रुपए प्रतिदिन अतिरिक्त शास्ति भी अधिरोपित किए जाने का प्रावधान किया गया है।

## खबर संक्षेप

### सीएम आज करेंगे छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट का शुभारंभ



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 11 सितम्बर को जगदलपुर में छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट का शुभारंभ करेंगे। इस आयोजन से बस्तर अंचल में औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आएगी, वहीं रोजगार के अवसरों के नए द्वार खुलेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में बस्तर का विकास सदैव अग्रणी रहा है। इन्वेस्टर कनेक्ट इसी संकल्प को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समावेशी विकास की इस सोच के अंतर्गत उद्योग और निवेश को केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित न रखकर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सशक्तिकरण जैसे मूलभूत क्षेत्रों से जोड़ा गया है, ताकि बस्तर का विकास केवल औद्योगिक प्रगति तक सीमित न रहकर सामाजिक उन्नति का आधार भी बन सके।

### आबकारी सचिव ने की जिला विभाग की समीक्षा



**रायपुर।** आबकारी की सचिव एवं सह आबकारी आयुक्त एवं प्रबंध संचालक आर. शंगीता की अध्यक्षता में बुधवार को रेडक्रास भवन कलेक्टोरेट में जिला आबकारी अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने जिले की शराब दुकानों की बिक्री की समीक्षा करते हुए ओवररेटिंग, मिलावटी तथा अवैध शराब की बिक्री पर सख्त कार्रवाई तथा राजस्व वृद्धि के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि दुकानों का संचालन शासन एवं छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के नियमों एवं निर्देशों के अनुरूप किया जाए।

### बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की हुई बैठक

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के अध्यक्षता में बुधवार को जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक हुई। इस बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर ने बाल विवाह मुक्त रायपुर, किशोर न्याय, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण, देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों को चिन्हांकन एवं पुनर्वास करने तथा विद्यालयों के शाला त्यागी बालकों का चिन्हांकन करने की कार्यवाही से अवगत कराया।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल विहार आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित **सिनियर एम.आई.जी. टाईप-II/19, को श्री कपिल नारायण देवांगन पिता स्व. श्री भगत राम देवांगन** के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 15.11.2019 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान **श्री कपिल नारायण देवांगन पिता स्व. श्री भगत राम देवांगन** निवासीः- बी-997, कॉवेरी विहार, एन.टी.पी.सी. कॉलोनी, कोरबा, पो.आ.- जमनीपाली, जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा उक्त भवन को **श्रीमती राधिका साहू पति श्री ओंकार साहू** निवासीः- ग्राम जरौद, पो.आ.- रीवां, थाना व तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल विहार आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित **सिनियर एम.आई.जी. टाईप-II/19**, के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र नवा अटल नगर**

## कई ग्रामों में सहकारी समितियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

# ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल कर की पाई-पाई का होगा हिसाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत घर-घर लगाए गए नल-जल कनेक्शन से मिलने वाले पानी के एवज में घर मालिक से ली जा रही जल कर राशि का अब पाई-पाई का हिसाब होगा। अभी तक जिन ग्रामों में यह योजना पूर्ण रूप से शुरू हो चुकी है, उन ग्रामों में रहने वाले प्रत्येक घर मालिक से प्रतिमाह 80 रुपए की दर से जल कर लिया जा रहा है।

यह कर अभी तक ग्राम पंचायतों द्वारा वसूला जाता रहा है, लेकिन प्रशासन के निर्देश पर अब इसमें बदलाव किया जा रहा है और जल कर लेने के लिए धीरे-धीरे सहकारी समितियों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है, ताकि इससे प्राप्त राशि की पाई-पाई का हिसाब रखा जा सके।

### सालाना एकमुश्त में भी जमा की जा सकती है

विभागीय सूत्रों के अनुसार जल जीवन मिशन योजना के तहत जिन घरों में नल कनेक्शन लग चुके हैं तथा पानी की आपूर्ति शुरू हो चुकी है, ऐसे घरों के मालिक चाहें, तो प्रति माह 80 रुपए की दर से जलकर का भुगतान कर सकते हैं, चाहें तो अपनी सुविधा के अनुसार साल के आखिरी महीने तक एकमुश्त या किस्तों में भी जल कर का भुगतान कर सकते हैं।





### सहकारी समितयों को सौंपी जा रही जिम्मेदारी

*जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्रामों में घर-घर नल कनेक्शन के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है। इसके तहत जल कर भी लिया जा रहा है। 80 प्रतिशत ग्रामों में ग्राम पंचायतें ही जलकर ले रही हैं। इस राशि का सही इस्तेमाल किया जा सके, इसलिए धीरे-धीरे सहकारी समितियों को यह जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। 20 प्रतिशत ग्रामों में सहकारी सोसाइटी जल कर ले रही है।*

**- कुमार बिश्वरंजन**
सीईओ,
जिला पंचायत रायपुर

### 20 प्रतिशत ग्रामों में सहकारी समितियों में जल कर भुगतान कर रहे ग्रामीण

सूत्रों के अनुसार प्रशासन के निर्देश पर जिन ग्रामों में पूर्ण रूप से जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी की आपूर्ति की जा रही है और कार्य पूर्ण का प्रमाण पत्र सौंपा जा चुका है, उन ग्रामों में जलकर वसूली की जिम्मेदारी वहां संचालित सहकारी समितियों को सौंपी गई है। इन समितियों के कर्मचारी घर-घर जाकर या फिर ग्रामीण स्वयं समितियों में जाकर जल कर का भुगतान कर रहे हैं। विभागीय अधिकारी के अनुसार जिले में करीब 20 प्रतिशत ग्रामों में सहकारी समितियां ही जल कर वसूल रही हैं, वहीं 80 प्रतिशत ग्रामों में पंचायतों द्वारा जल कर वसूला जा रहा है।

### जल कर राशि से होंगे मेंटनेंस के कार्य

ग्रामों में जलकर की प्राप्त राशि से ही जल जीवन मिशन योजना के तहत किए गए कार्यों का मेंटनेंस किया जाएगा। यानी योजना के तहत पानी टंकी के क्षतिग्रस्त होने, बोरवेल सूखने पर नया बोर करने, पाइप लाइन लीकेज को ठीक करने जैसे अन्य कई तरह के कार्यों पर यह राशि खर्च होगी। एक प्रकार से जल कर इसलिए लिया जा रहा है कि भविष्य में किसी भी गांव में पानी की आपूर्ति प्रभावित न हो और हर सीजन में उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सके।

# गृह विभाग ने जारी किए 58 डीएसपी के ट्रांसफसर आदेश

## रमाकांत साहू सिविल लाइंस सीएसपी बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कुछ माह पूर्व टीआई से डीएसपी के पद पर पदोन्नति पाने वाले पुलिस अफसरों को प्रशिक्षण के बाद नए सिरे से थानों की जिम्मेदारी दी गई है। इस संबंध में गृह विभाग ने बुधवार को ट्रांसफर आदेश जारी किया है। जिन पुलिस अफसरों का स्थानांतरण किया गया है, उनमें सात सहायक सेनानी, तीन फिंगर प्रिंट, एक-एक रक्षित, विशेष शाखा, एम शामिल है।

गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में रमाकांत साहू जो पूर्व में एसीबी, ईओडब्लू तथा एटीएस में तैनात रहे हैं, उन्हें सिविल लाइंस सब डिवीजन में सीएसपी की जिम्मेदारी दी गई है। दुर्ग में पदस्त नवी मोनिका शर्मा का स्थानांतरण राजनांदगांव




किया गया है। इसी तरह से ज्यादातर जिलों के डीएसपी का स्थानांतरण किया गया है।

### स्थानांतरित किए गए डीएसपी की सूची

सुरेश कुमार भगत पीटीएस मैनपाट से सरगुजा, ओम प्रकाश कुजूर बिलासपुर से गरियाबंद, तुल सिंह पट्टावी बालोद से सरगुजा, नोहर लाल मंडावी सारंगढ़ भिलाईगढ़ से मोहला मानपुर चौकी अंबागढ़, यशकरन द्वीप दुर्ग से धमतरी, शशि कला मरकाम बस्तर से बेमेतरा, सुशील मलिक गरियाबंद से क्राइम गरियाबंद, कमलेश कुमार भगत बलरामपुर से क्राइम बलरामपुर, बृजेश कुमार तिवारी शक्ति से पुलिस मुख्यालय, रमाकांत साहू एटीएस से सिविल लाइन रायपुर, चंद्रशेखर ध्रुव एसीबी से आईजी कार्यालय सरगुजा, एंब्रोस कुजूर दुर्ग से राजनंदगांव, इंद्रभूषण सिंह महासमुंद से पुलिस अकादमी चंद्रखुरी, विपिन रंगारी दुर्ग से धमतरी, चुन्नू तिग्गा रायपुर से महासमुंद, हरविंदर सिंह मुंगेली से मुंगेली, रीना नीलम कुजूर बलौदा बाजार भाटापारा से सूरजपुर, क्रिसेंसिया तिर्की बलौदा बाजार से पुलिस अकादमी चंद्रखुरी, लता चौरे रायपुर से पीटीएस माना, प्रमोद कुमार किसपोट्टा सूरजपुर से बलरामपुर, गोपाल सिंह धुर्वे बलौदा बाजार से पीएचक्यू, गंगा धुर्वे पीटीएस मना से डीएसपी पीटीएस माना, सत्यापा ताराम शक्ति से जांजगीर चांपा, मीना चौधरी माना से राजनंदगांव, स्वाती मिश्रा छत्तीसगढ़ लोक अयोग रायपुर से डायल 112 रायपुर, कुमारी चंद्राकर सरगुजा से आईजी कार्यालय रायपुर, मंजू लता राठौर रायपुर से गरियाबंद, श्रुती चक्रवर्ती रायपुर से बालोद, संतोषी ग्रेस बेमेतरा से सारंगढ़ बिलाईगढ़, आशा तिर्की जशपुर से जशपुर, वैजयंती माला तिग्गा पीएचक्यू से आईजी कार्यालय दुर्ग, किरण गुप्ता कोरबा से पीएचक्यू रायपुर, रोशनी वासनिक पुलिस मुख्यालय रायपुर से पुलिस मुख्यालय एसआईएस रायपुर, उषा सिधिया कोरबा से बलौदा बाजार, विवेक शर्मा शक्ति से आईजी कार्यालय बिलासपुर, नरेश कुमार पटेल जांजगीर-चांपा से से रायपुर, नवी मोनिका शर्मा दुर्ग से राजनंदगांव, माया शर्मा डायल 112 से बालोद, ममता अली शर्मा दुर्ग से खैरागढ़ छुईखदान गंडई, सत्यबाला रामटेके जांजगीर चांपा से जीपीएम, योगिता बाली बलौदा बाजार से जांजगीर-चांपा, प्रमिला मांडवी पुलिस मुख्यालय से कबीरधाम, कविता धुर्वे बस्तर से कांकेर, भारती मरकाम बिलासपुर से दुर्ग, लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल बालोद से पुलिस मुख्यालय किया गया है।

# नवा रायपुर जाने वाले नए कर्मियों को नहीं मिलेगी मुफ्त बस की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार में नवीन नियुक्ति वाले कर्मियों को 1 अक्टूबर से मुफ्त बस पास की सुविधा नहीं मिलेगी। सरकार का कहना है कि यह सुविधा इसलिए बंद की जा रही है, क्योंकि अब रायपुर से नवा रायपुर जाने के लिए सार्वजनिक बसें, रेल गाड़ी का संचालन हो रहा है और आवागमन की सुविधा भी सुलभ होने के साथ वहां पूरी तरह विकसित आवासीय व्यवस्था भी है।

### वित्त विभाग ने जारी किया आदेश

नवा रायपुर जाने वाले कर्मियों को मुफ्त बस की सेवा में कटौती का यह आदेश वित्त विभाग ने जारी किया है। आदेश में कहा गया है राज्य शासन ने रायपुर शहर से नवा रायपुर में मंत्रालय तथा विभागाध्यक्ष कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निःशुल्क बस पास की सुविधा उपलब्ध कराई है। नवा रायपुर में रहने वाले कर्मियों को निःशुल्क बस सुविधा या वाहन भत्ता दोनों में से किसी एक का चयन करने की पात्रता थी। नवा रायपुर में आवंटित शासकीय आवास या किराए के मकान में रहने वाले कर्मियों को रायपुर शहर आने-जाने के लिए निःशुल्क बस या वाहन भत्ता में से एक के चयन की पात्रता थी।

**12 साल से चल रही थी मुफ्त बस पास की सुविधा :** नवा रायपुर में मंत्रालय, विभागाध्यक्ष कार्यालयों का संचालन 12 साल से हो रहा है। वर्तमान में रायपुर से नवा रायपुर के लिए सार्वजनिक बसों, रेलगाड़ी का संचालन होने के कारण आवागमन की सुविधा सुलभ होने के साथ-साथ नवा रायपुर में पूर्णतः विकसित आवासीय व्यवस्था भी है। इस स्थिति को देखते हुए राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि नवीन नियुक्तियों के प्रकरण में मुफ्त बस पास की सुविधा की पात्रता 1 अक्टूबर से नवीन नियुक्त शासकीय सेवकों को नहीं होगी।

इधर भाजपा कार्यकर्ता ने वीडियो जारी कर कहा- सर्किट हाउस की घटना को किया रीक्रिएट

# बैज के बंगले में घुसा भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- सुरक्षा में चूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बंगले में देर रात भाजपा कार्यकर्ता के घुसने का मामला सामने आया है। पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह जबरन घर के अंदर घुस गया। घटना को लेकर दीपक बैज ने सुरक्षा



व्यवस्था पर सवाल उठाया है। कांग्रेस ने इस मामले को लेकर गंज थाने में शिकायत भी की है। वहीं भाजपा कार्यकर्ता गंधर्व पांडे ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर कहा है कि मैंने जगदलपुर सर्किट हाउस की घटना को रीक्रिएट किया है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कोई अनजान व्यक्ति उनके घर में पुलिसकर्मियों के मना करने के बाद भी अंदर घुस आया। क्या वह रेकी करने आया था? वह वीडियो बनाकर क्या दिखाना चाहता था। कहीं सुरक्षा व्यवस्था को नेस्तनाबूत करने की साजिश तो नहीं? ताकि कोई भी व्यक्ति घर में घुस जाए और तोड़फोड़ करे? क्या कोई भी हम पर हमला कर सकता है? बैज ने कहा, सरकार इस अनजान पर क्या कार्रवाई करती है, जनता भी देखना चाहती है। सरकार को गंभीरता से इस मामले में विचार करना चाहिए, ताकि कोई भी अनजान व्यक्ति इस तरह घुसने की हिम्मत न करे।

### कांग्रेस ने गंज थाने में की मामले की शिकायत

कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने गंज पुलिस में मामले की शिकायत की है। उन्होंने मामले की जांच करने और अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की अपील की है। वहीं कांग्रेस ने सवाल उठाया है कि जब जेड-प्लस सुरक्षा में रह रहे नेता के घर में कोई अनजान शख्स घुस सकता है, तो आम लोगों की सुरक्षा का क्या होगा? कांग्रेस का आरोप है कि सरकार जानबूझकर पीसीसी अध्यक्ष की सुरक्षा को खतरे में डाल रही है।

### जगदलपुर सर्किट हाउस की घटना को किया रीक्रिएट- पांडे

वहीं भाजपा कार्यकर्ता गंधर्व पांडे ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर जगदलपुर सर्किट हाउस की घटना को रीक्रिएट किया। उन्होंने कहा, मंत्री केदार कश्यप पर जो भी आरोप लगाए गए हैं, वे पूरी तरह से झूठ और भ्रामक हैं। यह कांग्रेस की वही 'टूलकिट' की चालें हैं, जो छत्तीसगढ़ के लोगों को गुमराह करने की कोशिश करती है। जनता अब जाग चुकी है और हर भाजपा कार्यकर्ता इस झूठी नरेटिव के खिलाफ एकजुट होकर लड़ रहा है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की धरती पर किसी भी सच्चाई को दबाया नहीं जा सकता।

# कमिश्नरी प्रणाली में पुलिस को मिलेंगे डिस्ट्रिक मजिस्ट्रेट के सीमित अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर में पुलिस कमिश्नर की व्यवस्था लागू करने की घोषणा के बाद गृह विभाग ने ड्राफ्ट तैयार करने सात सदस्यी कमेटी का गठन कर दिया है। पुलिस कमिश्नरी की व्यवस्था में मूल रूप से जिला पुलिस का मुखिया एसपी-एसएसपी की जगह पुलिस कमिश्नर होता है। पुलिस कमिश्नर को मजिस्ट्रेट के भी कुछ अधिकार होते हैं। माना जा रहा है कि पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में लागू कमिश्नर प्रणाली को यहां लागू किया जा सकता है। डीजीपी अरुण देव गौतम पूर्व में एक एसएसपी स्तर के अधिकारी से यहां की व्यवस्था का अध्ययन करा चुके हैं। समिति के सदस्य भी अध्ययन रिपोर्ट के आधार पर ड्राफ्ट बना सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर अन्य राज्यों का भी अध्ययन करने समिति के सदस्य जाएंगे।

कमिश्नरी लागू होने से जिला पुलिस का मुखिया एक अनुभवी और ऊंचे रैंक वाला अफसर बन जाता है। विभाग में बहुत सारे निर्णय पुलिस स्तर पर होने लगते हैं। फौजदारी मामलों की सुनवाई एसडीएम लेबल के अफसरों को करनी होती है, वो पुलिस कमिश्नर के पास आ जाते हैं। एसीपी या डीसीपी स्तर के अफसर के पास ये अधिकार आ जाने से पुलिस के काम काज में सुविधा होती है। जैसे किसी को पाबंद करना या निषेधाज्ञा वगैरह लागू करना। दीवानी मामले एसडीएम के पास ही रहते हैं।

### अफसरों के पदनाम बदल जाते हैं

कमिश्नर अपने अधिकार अपने मातहत अफसरों को देता है। उनके नाम भी उसी के अनुरूप हो जाते हैं। जैसे कमिश्नर के नीचे एडिश्नल कमिश्नर हो सकते हैं। ये राज्य सरकार पर निर्भर करेगा कि कमिश्नर की मदद के लिए उसी रैंक के किसी अफसर को एडिश्नल कमिश्नर तैनात करे। कमिश्नर अगर आईजी लेवल का बनता है, तो इसके मातहत डीआईजी लेवल के अफसरों को डिप्टी कमिश्नर नियुक्त किया जा सकता है। कमिश्नर एडीजी होने की स्थिति में भी डीसीपी ओहदे पर ज्यादातर डीआईजी लेवल के अफसर ही तैनात किए जाएंगे। उनके नीचे एडिशन डीसीपी भी हो सकते हैं, जो एसएसपी और एसपी रैंक के अफसर होते हैं।फिलहाल ड्राफ्ट तैयार होने के बाद यह तय होगा।

# सेवा पखवाड़ा में 21 को 'नमो मैराथन' का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

### देश के 100 शहरों में रायपुर और बिलासपुर का चयन : राहुल




भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश इकाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आहूत 'सेवा पखवाड़ा' के तहत आगामी 21 सितंबर को नमो मैराथन का आयोजन करने जा रही है। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने बताया कि देशभर में नमो मैराथन के लिए चयनित 100 शहरों में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और न्यायधानी बिलासपुर का चयन किया गया है।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्री टिकरिहा ने पत्रकारों को बताया कि रायपुर में नमो मैराथन सुबह 7 बजे से तेलीबांधा तालाब से जयस्तंभ चौक तक होगी और बिलासपुर में मल्टी परपज हायर सेकेंडरी स्कूल से नेहरू चौक तक होगी। युवा फॉर रन में 10 हजार से अधिक युवा शामिल होंगे। आयोजन के लिए कार्यक्रम संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र देवांगन, सह संयोजक हरिओम साहू, अनमोल झा, गौरी गुप्ता को बनाया गया है। इसी तरह रायपुर ज़िला में कार्यक्रम प्रभारी अभिषेक धनगर, सह प्रभारी ज़िला अध्यक्ष गोविंद गुप्ता, फ़ानेन्द्र वर्मा, राहुल राव और बिलासपुर प्रभारी राहुल सराफ, सह प्रभारी निखिल केशरवानी, ऋषभ चतुर्वेदी को बनाया गया है। उन्होंने सभी समाजों व वर्ग के लोगों के साथ ही सभी युवाओं से नमो मैराथन में हिस्सा लेने की अपील की है। मैराथन में हिस्सा लेने वाले लोगों को मोर्चा की ओर से टी-शर्ट्स प्रदान किए जाएंगे। पत्रकार वार्ता में भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र देवांगन ने मोदी मैराथन के पोस्टर व टी-शर्ट की लॉन्चिंग की। श्री देवांगन ने बताया कि इस आयोजन सभी मंत्री, जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

### 850 तीर्थ यात्रियों का जत्था अयोध्या रवाना

**रायपुर।** श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना में रायपुर संभाग से 850 तीर्थयात्रियों का जत्था राजधानी रायपुर रेलवे स्टेशन विशेष ट्रेन से बुधवार को अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। विशेष ट्रेन को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाई। उन्होंने इस मौके पर तीर्थ यात्रियों के जत्थे से मुलाकात कर उन्हें अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी।



## खबर संक्षेप

### सिनोधा में रामानुज दास वैष्णव का पुण्यतिथि मनाई गई

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा के पास ग्राम सिनोधा में सोमवार, 8 सितंबर को गांव के महान व्यक्तित्व परम श्रद्धेय रामानुज दास वैष्णव की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुण्यतिथि के मौके पर भगवान श्री कृष्ण और रामानुज दास वैष्णव की तस्वीरों की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान, जय मां दुर्गा पंडवानी मंडली (ग्राम निनवा) द्वारा पंडवानी गायन प्रस्तुत किया गया। मंडली ने महाभारत के प्रसंग 'लाक्षागृह' और 'हिडिंबा विवाह' की कथा सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में कई लोगों का आर्थिक सहयोग रहा, जिनमें केशव दास वैष्णव, मदालसा वैष्णव, गायत्री वैष्णव और सरपंच सरिता नरेंद्र डौंडे प्रमुख हैं। पूजा-अर्चना में रामकुमार वैष्णव, नरेंद्र डौंडे और उपसरपंच लोकेश साहू सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और दिवंगत रामानुज दास वैष्णव को याद किया।

### कोसल मंच ने रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में लिया स्कूलों में कवि गोष्ठी का निर्णय

**आरंग।** सोमवार को कोसल साहित्य कला मंच की बैठक आयोजित की गई, जिसमें साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ राज्य निर्माण के पच्चीस बछर पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिसमें मंच के कविगणों द्वारा विकास खंड के विद्यालयों में जाकर सप्ताह में एक दिन एक घंटे का कवि गोष्ठी आयोजित कर काव्य पाठ करने पर सहमति बनी जिसमें विद्यार्थी भी भाग ले सकेंगे, साथ ही इस अवसर पर नगर के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के नगर स्तरीय सम्मान समारोह जिसमें कक्षा 5 वी, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाना है का कार्यक्रम तिथि 15 सितंबर को तय की गई। साथ ही स्थानीय एवं क्षेत्रीय कवियों को महत्व देने की बात कही गई। इस अवसर पर कोसल मंच अध्यक्ष अनूपनाथ योगी, संरक्षक माणिक लाल मिश्रा, सचिव अरविंद वैष्णव, कोषाध्यक्ष तेजराम यादव, सदस्य कविगण हरमन बघेल, होरी लाल पटेल, विनोद गुप्ता, जीआर टंडन, एडवोकेट रीति सोनपिपरे आदि की सहभागिता रही।

### नाबालिग की हत्या के 3 आरोपी गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा।** ग्राम कोटा में एक नाबालिग लड़के की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों और एक विधि के साथ संघर्षरत बालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने अनाचार की घटना को छिपाने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया था। 26 अगस्त को, एक नाबालिग अपने घर से गणेश पंडाल देखने के लिए निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई। 6 सितंबर को, उसका शव कोटा स्थित बड़े तालाब के पास संदेहास्पद स्थिति में मिला, जिससे हत्या की आशंका हुई।

# जिला खोखो में 288 खिलाड़ियों ने दिखाया दम, अभनपुर ने बाजी मारी

**14, 17 और 19 वर्ग के बच्चों में हुई स्पर्धा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

जियोदया नगर स्कूल खेल मैदान गातापार अभनपुर मे को जिला स्तरीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग, बालक,बालिका का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रायपुर जिले के चारों विकासखंड तिल्दा, आरंग, धरसीवां और अभनपुर के लगभग 288 खिलाड़ी एवं 50 कोच मैनेजर शामिल हुए। तीन अलग-अलग खो-खो मैदान पर खेल मुकाबले संपन्न हुए। खिलाडि़यों को खेल अनुशासन की शपथ दिलाई गई और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू ने खिलाडि़यों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा खेल जीवन में



**ये हुए शामिल**

इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू, जिला सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी,सरपंच बसंत कोसरे, वरिष्ठ खेल अधिकारी बीआरसाहू, केसी मिश्रा, आर.एल. तारक, फादर संतोष बारा, फादर बसील कुजूर, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पोमन लाल तारक, खेल अधिकारी रितेश चंद्राकर, रघुनाथ यदु, लुकेश नामदेव, जेवियर दत्ता, धरम नेताम, लोकुराम धीवर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

अनुशासन, मेहनत और टीम स्पिरिट सिखाता है। बच्चों का खेलों में बढ़-चढकर भाग लेना हमारे लिए गर्व की बात है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन्हें उचित प्रशिक्षण और बेहतर अवसर उपलब्ध कराएँ। भविष्य में अभनपुर और रायपुर जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकें, यही हमारी कामना है। खेल अधिकारी डॉ. विजय रत्नाकर ने जानकारी देते बताया कि ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अभनपुर विकासखंड के नाम रहा। चयनित खिलाड़ी रायपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। बालक वर्ग के खिलाड़ी 15 सितंबर को धरसीवां (नरदहा) में तथा बालिका वर्ग के खिलाड़ी 17 सितंबर को सरायपाली (कुटेला) में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

**समस्या : नपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों ने थानेदार को सौंपा ज्ञापन**

# गांजा, जुआ और शराब की अवैध बिक्री पर कठोर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसीवां

नगरपंचायत कूंरा के विभिन्न वार्डो में काफी लंबे समय से हो रहे अवैध कारोबार जैसे कि गांजा , शराब , जुआ विभिन्न नशीले टेबलेट की सघन जांचकर उक्त अवैध कारोबार में लिप्त व्यक्तियों के ऊपर कड़ी कार्यवाही करने और पूर्ण रूप से रोक लगाने के नाम पर धरसीवां थानेदार को कूंरा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों ने ज्ञापन सौंपा है । उन्होंने ज्ञापन में बताया है कि इन सब अवैध कारोबार के चलते नगर के मुख्य मार्ग सहित वार्डो के चौंक चौराहे में आए दिन मामूली बातों को लेकर अश्लील शब्दों का उपयोग कर झगड़ा लड़ाई एवं मारपीट का मामला कामन हो गया है ।जिसके चलते नगर में हर हमेशा अशांति का माहौल बना रहता है और स्वच्छ छबि के लोगो , माताएं एवं स्कूली बच्चों को इन सबको को सहते हुए शर्मिंदगी महशूस कर उस विवादस्थ स्थान से होकर गुजरना पड़ता है । नगर में यह अवैध





कारोबार काफी तेजी से बढ़ा हुआ है जिसका असर छोटे बच्चों के ऊपर भी पड़ने लगा है । जिससे बच्चों के भविष्य के ऊपर भी खतरा मंडराने लगा है ।

**नगर का सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र :**

जनप्रतिनिधियों ने यह भी कहा है कि अगर उक्त असामाजिक तत्व के लोग जो बेवजह किसी मुख्य चौंक चौराहे जैसे कि पारधी मोहल्ले , राम मंदिर चौंक , सुभाष चौंक , बजरंग चौंक , सतनाम रंग मंच , शासकीय स्कूल के आस पास , मंदिर मस्जिद हटरी चौंक एवं वार्ड 10 तिरंगे झंडे के समीप नजर आते है और बाद विवाद की स्थिति बनती है इन लोगों की सघन जांच कर पुलिस द्वारा कड़ी कार्यवाही नहीं की जाती तो 1 हफ्ते के अंदर थाने का घेराव कर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा । इन सब कारोबार के संबंध में ज्ञापन लेने के दौरान धरसीवां टी आई राजेन्द्र दीवान ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि हमारे द्वारा अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के ऊपर पहले भी कार्यवाही करते आ रहे है और अभी भी जांच उपरांत जो भी गलत कार्य में व्यक्ति पुलिस के घेरे में आता है उनके ऊपर कड़ी कार्यवाही किया जाएगा और उनके पकड़े जाने पर आप सब उनका सपोर्ट करने मत आना बल्कि हमारा सहयोग करना । ज्ञापन देने के दौरान नगरपंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू , उपाध्यक्ष राजा भैया पार्षद प्रतिनिधि योगेश साहू , मोहन प्रजापति , प्रधान देवांगन , जगमोहन घृतलहरे , रेखराज देवांगन , जगतू देवांगन , रिजवान उल्ला खान , संतोष साहू , ईश्वर यादव , हरीश साहू , मुकेश सिन्हा सहित नगर के बुद्धिजीवी लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए थे ।

# जनपद पंचायत की बैठक में विकास पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

आज जनपद पंचायत तिल्दा अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुआ, बैठक में जनपद पंचायत तिल्दा क्षेत्र के समस्त विभागीय कर्मचारियों एवं ग्राम पंचायत सचिवों ने सहभागिता रही।

जनपद क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में की गई एवं उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे जनता के हित में संचालित योजनाओं का प्रभावी, पारदर्शी एवं सुचारु क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। मनहरे ने कहा कि "ग्राम स्तर पर योजनाओं की गति और पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए सभी जिम्मेदार अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं जवाबदेही के साथ करें। शासन की प्राथमिकता है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे।

उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे नियमित रूप से ग्राम भ्रमण कर स्थानीय समस्याओं का त्वरित निराकरण करें तथा जनभागीदारी को बढ़ावा देते हुए विकास कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करें। बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी योजनाओं की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

# खैरखूंट की 55 छात्राओं को मुफ्त मिली साइकिलें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खैरखूँट में सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9 वी के 55 छात्राओ को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। साइकिल पाकर छात्राएं काफी प्रसन्न थी।

साइकिल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी छात्र छात्राएं उत्साह के साथ अच्छे से पढ़ाई करें और स्कूल का नाम रोशन करें। इस अवसर पर सरपंच यशोदा साहू, उप सरपंच कमलेश साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष घनश्याम निषाद, पंच प्रतिनिधि रामजी साहू, पंच रामकरण निषाद, पंच रूखमणी सिवारे, पंच डागेश्वरी यादव, ज्योतिष साहू, प्रभारी प्राचार्य स्वरूपानन्द लदेल,अनिरुद्ध सिंह प्रहलाद, रवि पटेल, देवानंद चक्रधारी, सुरेश धीवर, शिक्षिका दामेश्वरी वर्मा, सोनिया जाधव, तजीन सिद्दीकी, नेहा शर्मा व स्कूली छात्र छात्राएं आदि की उपस्थिति में वितरण किया गया।



# साक्षरता के महत्व पर स्कूली बच्चों ने दिए प्रेरक भाषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर पीएम श्री सेजेस खोरपा में शिक्षा के महत्व पर आधारित एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक विचार और भाषण प्रस्तुत कर साक्षरता के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर नारा लेखन प्रतियोगिता में छात्रों ने शिक्षा सफलता की कुंजी है जैसे प्रभावशाली संदेश दिए। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में शिक्षा से जगमगाए संसार विषय पर छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बनाई गई मानव आकृति ने यह संदेश दिया कि साक्षरता व्यक्ति को जागरूक, स्वस्थ और सूचित जीवन जीने की दिशा प्रदान करती है। इस मौके पर विद्यार्थियों ने समाज में शिक्षा का महत्व फैलाने एवं साक्षरता अभियान को आगे बढ़ाने में सहयोग करेंने का शपथ लिया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक व स्कूली बच्चे बड़ी संख्या मे मौजूद रहे।

# बजरंगदास हायर सेकंडरी स्कूल में ब्लाक के 300 शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

विकासखण्ड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह बजरंगदास हायर सेकंडरी विद्यालय अभनपुर के प्रांगण में विधायक इन्द्रकुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे विधायक श्री साहू द्वारा विकासखंड के 300 से अधिक शिक्षकों को श्रीफल, साल, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक इंद्र कुमार साहू ने कहा कि शिक्षक अज्ञानता के अंधकार को हटाकर दिव्य प्रकाशमय जीवन में लाने का कार्य करता है शिक्षकों के सम्मान करने में मुझे बेहद खुशी होती है वही बीईओ धनेश्वरी साहू द्वारा किए जा रहे शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न प्रयासों की सराहना की। सम्मान समारोह मे सामाजिक ,विज्ञान सहित अन्य क्षेत्र



में तथा अच्छे परीक्षा परिणाम एवं उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में काम करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिसमें सेवा निवृत्त शिक्षकगण एवं वर्तमान में पदस्थ शिक्षक गण भी शामिल हुए, शिक्षकों में मुख्य रूप से राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत प्रधान पाठक गोपाल राम यादव, सेवानिवृत प्राचार्य श्रीमती मीनाक्षी पिंपलापूरे, सेवानिवृत्ति व्याख्याता संतराम सोनबरसा, सेवानिवृत व्यायाम शिक्षक बीआर साहू, व्याख्याता शशि किरण साहू, प्राचार्य श्रीमती शोभा नायर, प्राचार्य श्रीमती जेजे वर्मा संकुल समन्वयक टीआर रात्रे, बुद्धेश्वर बघेल ,केसी मिश्रा सहित सैकड़ों सेवानिवृत्त एवं अपने विद्यालयों में प्रेरणास्पद कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

**सभी प्रतिभागियों को पेन बांटी गई**

# सशिमं की खोखो व कबड्डी स्पर्धा में 311 विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिल्दा में खो- खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता हुआ संपन्न। विभाग स्तरीय खेल कबड्डी व खो -खो प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोपाल चंद्र अग्रवाल अध्यक्ष डॉ. अम्बेडकर बाल कल्याण समिति, अध्यक्षता नरेंद्र जैन, उपाध्यक्ष डॉ.अम्बेडकर बाल कल्याण समिति विशिष्ट अतिथि श्रीमती रानी सौरभ जैन पार्षद ,श्रीमती ग्वालिन बाई कोसले पार्षद , ईश्वर यदु पार्षद ,डॉक्टर लक्ष्मण साहू समाज सेवी, संतोष यदु पार्षद एवं पदाधिकारी विद्यालय संचालन समिति व सदस्य गण उपस्थित थे।

कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती ओम भारत माता के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माँ सरस्वती की वंदना से हुई।

वहीं बाल वर्ग के भैया खो-खो में विजेता तिल्दा विद्यालय का टीम रहा, बाल वर्ग बहन खो -खो में सरस्वती विहार रायपुर विजेता और अर्जुनी उपविजेता रही। किशोर वर्ग भैया खो - खो में सारखी विजेता एवं तिल्दा



उपविजेता रहा। किशोर वर्ग बहन खो-खो में पलारी विजेता और अभनपुर उप विजेता रही। बाल वर्ग भैया कबड्डी में विजेता कसडोल ,बाल वर्ग बहन कबड्डी में विजेता कसडोल एवं दोनों ही वर्ग में आरंग के भैया बहनें उपविजेता रहे।

किशोर वर्ग भैया एवं बहन दोनों में कबड्डी प्रतियोगिता में पलारी विजेता रहे जबकि किशोर वर्ग भैया में कबड्डी उपविजेता रीवा तथा बहनों के वर्ग में नवापारा उपविजेता रही । तरुण वर्ग भैया कबड्डी में माना कैंप विजेता रहा। संस्थान प्रतिनिधि श्री मानिक लाल साहू ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 311 भैया-बहनो ने भाग लिए । जिसमे 11 कबड्डी की टीमें ( 176 भैया- बहनें ) और 7 खो - खो की टीमें ( 126भैया बहन ) भाग लिया। समाज सेवक डॉ लक्ष्मण साहू ने कहा कि खेल से शरीर एवं मन दोनों ही स्वस्थ रहता हैं। पढाई के साथ खेल कूद कूद भी जरूरी है। विशिष्ट अतिथि रानी सौरभ जैन ने खो -खो और कबड्डी प्रतियोगिता के भैया -बहनों को बधाई दी एवं विद्यालय की सराहनीय प्रशंसा की। उन्होंने प्रतियोगिता में उपस्थित सभी भैया बहनों को पेन एवं केक वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि गोपाल चंद्र अग्रवाल ने कहा कि पूज्य माँ की चरणों का एक छोटा सा उपकरण हूँ... आप सभी बच्चे राष्ट्र के निर्माता हैं समझिए यह एक स्पीड ब्रेकर हैं, कही रुकते हैं, कही धीरे चलते हैं, कही दौड़ते हैं ,कृपया अपनी गति को बनाये रखे, राष्ट्र निर्माण के कार्य में आगे बढ़ते रहे । मैं आप सभी प्रतिभागी बच्चों अथितियों का हदय से आभार व्यक्त करते हुए बहुत बहुत धन्यवाद देता हूँ जो कि इस कर्यक्रम को सफल बनाने में हमें अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किए हैं।

कार्यक्रम आयोजक विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिल्दा- नेवरा एवं डॉ.अम्बेडकर बाल कल्याण समिति के पदाधिकारी स्वप्निलश्रीवास्तव नारायण शर्मा, कृष्ण कुमार सोनी, दिलीप वर्मा वासुदेव साहू , श्रवण कुमार साहू , आचार्य गण : देवीलाल पटेल, टूकेश्वर प्रसाद वर्मा , नरेश साहू , सतीश साहू , अशोक वर्मा ,श्रीमती हेमा देवांगन शिशु वाटिका प्रमुख ,श्रीमती सुकन्या दीक्षित,श्रीमती बिमलेशवरी वर्मा एवं समस्त आचार्य परिवार एवं भैया बहनें उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी विद्यालय के प्रचार-प्रसार प्रमुख श्रीमती शीला साहू एवं कुमारी नीतू वर्मा ने दी।

## पेज 11 के शेष...

### पांचवें दिन भी ....

छोटी प्रतिमाएं और 1849 बड़ी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। प्रतिमाओं के अवशेष सहित बांस की खपच्ची, रस्सी के गुच्छे, सजावट में प्रयुक्त सामग्री का ढेर कुंड से बाहर निकाला रहा है। इसके कारण कुंड के आसपास बड़ी मात्रा में ढांचों का ढेर लग गया है। निगम प्रशासन ने तीन पाली में मूर्तियों का विसर्जन करने और कुंड से ढांचा निकालने 80 गोताखोर की डयूटी लगाई है।

### झांकी रूट में ...

कर्मचारियों की 8-8 घंटे की 3 पाली में ड्यूटी लगाई गई है। बुधवार को सुबह की पाली में जोन 5 और दोपहर 2 बजे से 10 बजे की पाली में जोन 6 के अधिकारी, कर्मचारी विसर्जन स्थल पर मौजूद रहे। इसी तरह जोनवार विसर्जन व्यवस्था की मानिटरिंग की जा रही है।

### दस्तावेजों की जांच में ....

आगे बढ़ा दिया गया है। यहां निजी और शासकीय कालेज मिलाकर प्रबंधन, एनआरआई और स्टेट कोटे की करीब 180 सीटों पर एडमिशन होना है। प्रदेश में प्रथम चरण की काउंसिलिंग प्रक्रिया 23 अगस्त को पूरी हुई थी। काउंसिलिंग का आयोजन चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा एनआईसी के सहयोग से पूरा किया जा रहा है।

### पति प्रताड़ित महिला ....

दोपहर साढ़े 11 बजे के करीब महिला थाना पहुंची और थाने के बाहर काफी देर तक बैठी रही। इस दौरान महिला थाने का स्टाफ अपने काम में व्यस्त था। तभी पुलिसकर्मियों को बाहर से जोर-जोर से चिल्लाने की आवाज आई। इसी दौरान एक महिला आग लगाकर थाने के अंदर घुस गई। थाने के अंदर घुसने के बाद वह आगे गलियारा में जाने के बाद पुनः चिल्लाते हुए बाहर निकली। इस दौरान मौके पर उपस्थित पुलिस स्टाफ ने पानी की व्यवस्था कर महिला पर डाला तथा थाने में रखे कंबल से ढक कर आग बुझाने की कोशिश की, तब तक महिला बुरी तरह से झुलस चुकी थी।

### पति पर आरोप......

साथ उनके घर को आग लगाने की धमकी देता था। परिजनों ने आरोप लगाया है कि पिछले साल दीपावली पर शिवम ने वर्षा के साथ मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया था।

### पुरानी बस्ती पुलिस....

शिवम के खिलाफ किसी तरह से कोई कार्रवाई नहीं होने से आहत महिला ने खुद पर पेट्रोल डालकर खुदकुशी करने की कोशिश की।

### वापस ली जाएगी ....

इंजीनियरिंग, चिकित्सा, दंत चिकित्सा, फार्मेसी, नर्सिंग, वास्तुकला, फिजियोथेरेपी, पैरामेडिकल, कृषि, बागवानी, होटल प्रबंधन, खानपान प्रौद्योगिकी, दृश्य कला और कानून जैसे विषय शामिल हैं. अब इस सूची में मनोविज्ञान और पोषण भी जोड़ दिए गए हैं।

### एकाएक बिगड़ा मौसम....

हुआ, मगर दिन ढलने के बाद मिजाज फिर बदला और काफी देर तक गर्जना के बाद काफी देर तक हल्की से मध्यम वर्षा का दौर चलता रहा। मौसस विभाग के अनुसार अभी मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर दक्षिणी पाकिस्तान और उससे लगे उत्तर पूर्व अरब सागर के ऊपर स्थित केंद्र, भुज, बनस्थली, आगरा, बाराबंकी, वाराणसी, डालटनगंज, रांची, दीघा और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण उड़ीसा और उत्तर तटीय आंध्रप्रदेश के ऊपर विस्तारित है। 11 सितंबर को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने और भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बस्तर और उससे लगे रायपुर और संभाग के जिले संभावित हैं।

**खबर संक्षेप**

## कार्टून फेस्टिवल कल सीएम कार्टून बनाकर करेंगे महोत्सव का शुभारंभ



रायपुर। देश की एकमात्र कार्टून पत्रिका शीघ्र ही अपने 30वें वर्ष में प्रवेश करने जा रही है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला "कार्टून वॉच" का सालाना महोत्सव कार्टून फेस्टिवल 12 सितंबर को रायपुर के एक निजी होटल में होगा। इस कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर के कार्टूनिस्ट मनोज चोपड़ा को कार्टून वॉच का "लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड" मुख्यमंत्री के हाथों प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में कार्टून वॉच के संपादक त्र्यंबक शर्मा ने बताया कि इस आयोजन में मुख्यमंत्री स्वयं सांकेतिक कार्टून बनाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हैं और अन्य अतिथि भी उनका अनुसरण करते हैं। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल और अतिथि वक्ता के रूप में हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी सहित कई कार्टूनिस्ट और साहित्य-कला क्षेत्र से लोग उपस्थित रहेंगे।

## छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद की आमसभा आज

रायपुर। वीमतारा स्वदेशी भवन के पास मधुपिल्ले चौक शांति नगर में 11 सितंबर को छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद की वार्षिक आमसभा का आयोजन किया जा रहा है। यह आमसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में की जाएगी। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी परिषद के संयुक्त सचिव राजेंद्र कुमार निगम ने देते हुए बताया कि इस आमसभा में वार्षिक प्रतिवेदन 2024-25, पूर्व वित्तीय वर्ष का ऑडिट रिपोर्ट के साथ आगामी वर्ष के लिए अनुमानित बजट का अनुमोदन, चार्टर एकाउंटेंट की नियुक्ति, परिषद द्वारा संचालित बालगृह बालिका, बालगृह बालक, खुला आश्रय बालक माना कैंप रायपुर, आगामी योजनाओ के संबंध में चर्चा, पूर्व पदाधिकारी एवं सदस्यों का छत्तीसगढ़ सरकार के आयोग-निगम में नियुक्त होने पर उनका सम्मान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी।

**निधन**

### प्रेमलता शर्मा



रायपुर। शांति विहार कॉलोनी डंगनिया निवासी प्रेमलता शर्मा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 सितंबर को सुबह 9 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे डॉ प्रमोद शर्मा की पत्नी व सीए प्रमीत शर्मा, पुलकित शर्मा की माता थीं।

### महेंद्र ढोसवा



रायपुर। रावतपुरा फेस-1 निवासी पुलिस कर्मी महेंद्र ढोसवा का 10 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम बनारी नैला जांजगीर चांपा में किया गया।

### नंदलाल छुगानी



रायपुर। गायत्री नगर निवासी नंदलाल छुगानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 सितंबर को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे निखिल छुगानी के पिता थे।

# तेज गर्जना से 150 एमएलडी प्लांट की लाइन में वोल्टेज की दिक्कत, डीडीनगर में वाल्व खराब, जल आपूर्ति प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- फिल्टर प्लांट में वोल्टेज की रही समस्या

राजधानी में बुधवार को तेज गर्जना के साथ बारिश के बाद शाम 5:30 बजे से जलगृह मार्ग स्थित फिल्टर प्लांट के 150 एमएलडी क्षमता वाले मुख्य प्लांट में वोल्टेज की समस्या रही। इसे सुधारने में 5 घंटे का समय लगा। वहीं डीडीनगर पानी टंकी का वाल्व खराब होने से बुधवार सुबह और शाम लोगों को जल आपूर्ति प्रभावित रही।

नगर निगम के जलगृह मार्ग स्थित फिल्टर प्लांट के पुराने 150 एमएलडी क्षमता वाले मुख्य प्लांट में बुधवार को शाम 5:30 बजे से वोल्टेज ड्रॉप की समस्या रही। फिल्टर प्लांट के अधिकारियों ने इसकी शिकायत विद्युत विभाग के अधिकारियों से की। बिजली मरम्मत कार्य में 4 घंटे से ज्यादा का समय लगा। वहीं राजधानी के सुंदर नगर क्षेत्र में 11 केवी फीडर लाइन में विद्युत मरम्मत कार्य के कारण दोपहर 12:30 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रही। इसके कारण शांतिविहार कालोनी, शिक्षक नगर, सुंदरनगर, मैत्री नगर सहित आसपास के इलाकों के रहवासी परेशान रहे।

## डीडीनगर एरिया में शाम को जल आपूर्ति बाधित

### डीडी नगर इलाके में सुबह शाम जल आपूर्ति बाधित

डीडी नगर पानी टंकी का वाल्व खराब होने से सुबह और शाम संबंधित क्षेत्रों में जल आपूर्ति ठप रही। बिना सूचना के सुबह-शाम नलों में पानी नहीं आने से लोग परेशान रहे। इसकी शिकायत लोगों ने वार्ड पार्षद से लेकर जोन दफ्तर और फिल्टर प्लांट के अधिकारियों से भी की।



### डीडी नगर टंकी का वाल्व खराब

डीडी नगर पानी टंकी का वाल्व खराब होने सुबह और शाम जल आपूर्ति प्रभावित रही। मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। गुरुवार सुबह जल आपूर्ति सामान्य हो जाएगी।

*- नरसिंग फरेंद्र, ईई, जल विभाग, ननि, रायपुर*

# भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में ढाई साल बाद माहभर में 16 आदेश जारी, 7 साल तो किसी को 10 साल बाद मिला न्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कलेक्टोरेट स्थित भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में चल रहे बकाया भाड़ा की रिकवरी, मकान खाली नहीं करने जैसे सालों पुराने लंबित प्रकरणों में अब आवेदक पक्षकारों को न्याय मिलने लगा है। पिछले एक माह के दौरान 16 प्रकरणों में सुनवाई पूरी कर पक्षकारों के पक्ष में आदेश जारी किया गया है। इन प्रकरणों में 7 वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक के पुराने प्रकरण हैं। इन प्रकरणों में नियमित सुनवाई नहीं होने के कारण पिछले कई साल से तारीख पे तारीख दी जा रही थी, लेकिन पिछले करीब दो माह से कोर्ट में नियमित सुनवाई होने लगी है, जिससे पक्षकारों को भी न्याय मिलने लगा है।

***एक माह में 16 आदेश जारी :*** विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में पिछले करीब दो माह से लंबित प्रकरणों पर नियमिति सुनवाई होने लगी है, जिससे बीते अगस्त में 16 प्रकरणों में सुनवाई पूरी होने के बाद पक्षकारों के पक्ष में आदेश भी जारी हुए हैं। हालांकि इन आदेश के विरुद्ध कई विपक्षी पक्षकार अपील में गए हैं, लेकिन कहीं न कहीं नियमित सुनवाई होने से पक्षकारों को अब कोर्ट से न्याय जरूर मिलने लगा है।


### इस कारण भी सुनवाई आदेश में देर

अफसर के बदलने पर नए अफसर को पुराने प्रकरणों का अध्ययन करना पड़ता है। अध्ययन करने में ही अफसर को कई महीने लग जाते हैं। इसके बाद ही सुनवाई की आगामी तारीख पक्षकारों को दी जाती है। करीब दो साल में आधा दर्जन अफसरों का तबादला होने के कारण कई अफसर पुराने प्रकरणों का अध्ययन तक नहीं कर पाए, जिससे सुनवाई भी नहीं हो पाई।

### 450 प्रकरण अभी भी लंबित

नियमित सुनवाई होने के बाद भी भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में करीब साढ़े चार सौ प्रकरण लंबित हैं। सूत्रों के अनुसार इन लंबित प्रकरणों में 6 से 10 वर्ष के बीच के करीब सौ प्रकरण, 6 से 4 साल के बीच के करीब 2 सौ प्रकरण, वहीं 3 से 1 साल के बीच के करीब सौ प्रकरण लंबित हैं।

## जारी हुए 16 आदेश में कई प्रकरण सालों पुराने



### नियमित सुनवाई हो रही

पुराने प्रकरणों में नियमित सुनवाई हो रही है। सालों पुराने कई प्रकरणों में आदेश जारी किया है। जैसे-जैसे सुनवाई पूरी हो रही है, आदेश भी जारी किया जा रहा है। प्रोटोकॉल ड्यूटी की व्यस्तता या अन्य कारण से कभी-कभी पेशी की तारीख आगे बढ़ानी पड़ती है।

*- उत्तम प्रसाद रजक, भाड़ा नियंत्रक रायपुर*

**केस 1**

एक प्रकरण में आवेदक पक्षकार नीता कोठारी विरुद्ध कमल बुरड़ का है। यह प्रकरण वर्ष 2014 का है, जिसमें 10 साल के बाद नीता कोठारी के पक्ष में आदेश जारी हुआ है।

**केस 2**

2 प्रकरण वर्ष 2017 के हैं, जिसमें ललित चोपड़ा ने भारती कोडवानी तथा सीतादेवी अग्रवाल ने नेशनल कैडेट कोर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया था। इन दोनों प्रकरण में आवेदक पक्षकारों के पक्ष में आदेश जारी हुआ है।

**केस 3**

7 प्रकरण 2021 के हैं। इनमें सुभाष पटेल विरुद्ध सतीश पटेल, प्रेरणा हरपाल विरुद्ध राजेश मंदानी, ऋषभ देव मंदिर ट्रस्ट विरुद्ध मे. कुलकर्णी पैथोलॉजी लेबोरेट्री सहित अन्य लोगों के विरुद्ध दर्ज था। इन प्रकरणों में भी कोर्ट ने फैसला सुनाया है।

### नियमित सुनवाई नहीं होने के दो कारण, दो साल में बदले आधा दर्जन अफसर-प्रोटोकॉल ड्यूटी

भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में पिछले ढाई साल से नियमित सुनवाई नहीं होने की दो बड़ी वजह रही है। एक अफसरों का बारंबार तबादला या बदलना तथा दूसरी वजह प्रोटोकॉल ड्यूटी। अक्टूबर 2023 से लेकर फरवरी 2025 की अवधि के दौरान करीब आधा दर्जन अफसरों को बदला गया है। इनमें ज्यादातर अफसरों का तबादला हुआ है। बारंबार अफसरों के बदले जाने एवं शासन से नोटिफिकेशन जारी नहीं होने से ये अफसर जहां सुनवाई में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे थे, वहीं प्रोटोकॉल विभाग की जिम्मेदारी भी इन्हीं अफसरों को सौंपी जाती है, जिसके कारण ये अफसरा ज्यादातर समय प्रोटोकॉल की व्यवस्था कराने में व्यस्त रहते हैं।

# ज्वेलरी शॉप में नकली सोना देकर असली सोना ले जाने वाले जालसाज मां-बेटा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- मां-बेटा के कब्जा से लाखों के सोने के जेवर, कैश, कार जब्त
- जालसाज मां-बेटा ने रायपुर के साथ बिलासपुर में भी की थी ठगी





कोतवाली थाना क्षेत्र तथा बिलासपुर में दो अलग-अलग ज्वेलरी शॉप में नकली सोना थमाकर असली सोने के जेवर ठगी कर ले जाने के आरोप में पुलिस ने जालसाज मां-बेटा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं। जालसाजों ने मंगलवार को ब्रेसलेट ठीक कराने के बहाने कारोबारी को ठगी का शिकार बनाया।

कारोबारी से ठगी करने के आरोप में पुलिस ने उत्तरप्रदेश, हापुड़ निवासी सविता सिंग उर्फ सपना उर्फ सप्पो तथा इशांत उर्फ अनुज वर्मा को गिरफ्तार किया है। दोनों जालसाजों के खिलाफ सदरबाजार स्थित धाड़ीवाल ज्वेलर्स के संचालक शालीभद्र धाड़ीवाल ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। कारोबारी ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को शाम छह बजे कार सवार एक महिला तथा एक युवक उनकी दुकान में ब्रेसलेट मरम्मत कराने आए थे। कारीगर द्वारा ब्रेसलेट ठीक नहीं होने की बात कहने पर महिला तथा युवक ने सराफा कारोबारी से ब्रेसलेट के बदले ढाई लाख रुपए करीब की सोने की चेन, नकदी लेकर चले गए। जांच करने पर ब्रेसलेट के ऊपरी परत में सोना तथा अंदर अन्य धातु होने पाया गया। पूछताछ करने पर जालसाजों ने बिलासपुर के एक और कारोबारी से ठगी करने का अपराध कबूल किया। पुलिस ने जालसाज मां-बेटा को सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पहचान कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

# हेलमेट जागरूकता बाइक रैली में उमड़ा उत्साह




- सड़क सुरक्षा के लिए युवा कैट एवं राडा की संयुक्त पहल

रायपुर। कैट की युवा इकाई और रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन द्वारा शहर में सड़क सुरक्षा हेलमेट जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एसएसपी लाल उमेद सिंह, एएसपी डॉ. प्रशांत शुक्ला, डीएसपी ट्रैफिक गुरजीत सिंग, सतीश ठाकुर, राडा अध्यक्ष रविन्द्र भसीन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली शंकर नगर, पंडरी, फाफाडीह, स्टेशन रोड, एमजी रोड, शारदा चौक से जयस्तंभ चौक होते हुए कैट प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई।

इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. लाल उमेद सिंह ने कहा, हेलमेट सचमुच जीवनरक्षक है। सड़क दुर्घटनाओं में सिर की चोटें ही मौत का सबसे बड़ा कारण हैं। हर नागरिक हेलमेट पहनने का संकल्प ले, तो हजारों जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।"

प्रशांत शुक्ला, एएसपी यातायात ने कहा, हेलमेट पहनना केवल नियम पालन नहीं, बल्कि अपने परिवार और प्रियजनों के प्रति जिम्मेदारी भी है। युवा कैट प्रदेश अध्यक्ष कान्ति पटेल एवं महामंत्री रतनदीप सिंह ने कहा, इस रैली का उद्देश्य है कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी न रहकर समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बने। बाइक रैली में जीवत बजाज, राजेन्द्र जग्गी, राम मंधान, वासु माखीजा, राकेश ओछवानी, शंकर बजाज, कैलाश खेमानी, दीपक विधानी, मोहन वल्र्यानी, सतीश श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# यातायात व्यवस्था को सुधारने बैठक में लिए कई अहम निर्णय



रायपुर। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इसके तहत संकेतक बोर्ड, कहीं रोटरी तो कहीं डिवाइडर की ओपनिंग को छोटा किया जाएगा। इस बैठक में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के यातायात प्रबंधन और सड़क सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने पर चर्चा भी हुई।

कलेक्टर गौरव सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक में अपर कलेक्टर नम्रता जैन, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, यातायात एएसपी डा. प्रशांत शुक्ला, ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह, ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार वीआईपी रोड पर यातायात संकेतक बोर्ड नो पार्किंग, धीरे चलें, गति सीमा, रांग साइड न चलें, सावधान क्रॉसिंग आदि संकेतक बोर्ड लगाए जाएंगे। इसके साथ ही श्रीराम मंदिर तिराहा से मंदिर तक बने अस्थायी डिवाइडर को स्थायी रूप दिया जाएगा।

फुंडहर चौक पर रोटरी निर्माण तथा पीटीएस चौक पर डिवाइडर की ओपनिंग को छोटा करने के साथ ही सर्विस रोड के लिए चैनलाइजर बनाया जाएगा। तेलीबांधा क्षेत्र के कृष्ण कुंज मार्ग को शीघ्र चालू कराया जाएगा, तेलीबांधा थाना तिराहे पर पीक आवर्स में लगने वाले जाम की समस्या का निराकरण किया जाएगा। ट्रैफिक वार्डन की संख्या में और वृद्धि की जाएगी। वर्तमान में 25 ट्रैफिक वार्डन कार्यरत है। इसमें 25 और बढ़ाए जाएंगे।

# भूतिया रिजल्ट वेबसाइट से हटाकर उल्टा रिजल्ट कर दिया अपलोड!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

पं. रविशंकर शुक्ल विवि ने मंगलवार को अपनी वेबसाइट पर भूतिया रिजल्ट अपलोड कर दिया था। रविवि द्वारा पुनर्गणना परिणाम संबंधित जो 49 पेज के पीडीएफ फाइल में नतीजे अपलोड किए गए थे, उनमें एक-दो पेज को छोड़कर शेष सभी काले पेज थे। छात्र चाहकर भी ये नहीं समझ पा रहे थे कि ये परिणाम किन विषयों के हैं? गलती सामने आने पर विवि ने इसमें सुधार किया और पुरानी पीडीएफ फाइल को हटाकर नई पीडीएफ फाइल अपलोड की, ताकि विद्यार्थी अपने परीक्षा परिणाम देख सकें। अपलोड की गई नई पीडीएफ फाइल के मुताबिक, विवि द्वारा 19 विभिन्न कक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन परिणाम घोषित किए गए हैं।




### एमकॉम में 30 छात्र फेल से पास

पुनर्मूल्यांकन के बाद एमकॉम प्रथम में 16 छात्र फेल से पास श्रेणी में आ गए हैं। 62 छात्रों के अंकों में वृद्धि हुई है। एमकॉम अंतिम वर्ष में 14 छात्र को अनुत्तीर्ण से उत्तीर्ण श्रेणी में रखा गया, जबकि 64 के अंक बढ़े हैं। एमए संस्कृत प्रथम वर्ष में 4 छात्र व अंतिम वर्ष में एक छात्र फेल से पास हुआ है। एमए इतिहास अंतिम वर्ष व एमए राजीनीति प्रथम वर्ष में एक-एक छात्र, एमए अर्थशास्त्र प्रथम वर्ष में 2 छात्र, एमए इंग्लिश प्रथम वर्ष में 3 छात्र व अंतिम वर्ष में 2 छात्र तथा एमए हिंदी अंतिम वर्ष में 2 छात्रों को अनुत्तीर्ण से उत्तीर्ण श्रेणी में रखा गया है।

***हिंदी के परिणाम उल्टे :*** मंगलवार को हुई गलती में सुधार के अलावा बुधवार को कुछ अन्य विषयों के परिणाम भी रविवि ने घोषित किए। इसमें एमए हिंदी प्रथम वर्ष के पुनर्मूल्यांकन परिणाम भी शामिल रहे। विवि सभी परिणाम पीडीएफ फॉर्मेट में ही अपलोड करता है। एमए हिंदी की पीडीएफ फाइल उल्टी अपलोड करने के अलावा कागज भी आगे-पीछे हैं। अपना रोल नंबर ढूंढने छात्रों को मशक्कत करनी पड़ी। पुनर्मूल्यांकन के बाद एमए हिंदी के 3 छात्र अनुत्तीर्ण से उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। वहीं 12 छात्र ऐसे रहे, जिनके अंक या तो घटे हैं अथवा बढ़े हैं। हालांकि अंक घटने-बढ़ने के बाद भी इनके परिणाम अपरिवर्तनीय रहे।बीबीए तृतीय व पंचम सेमेस्टर के पुनर्मूल्यांकन परिणाम भी विवि द्वारा जारी कर दिए गए हैं।

# पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने आला अधिकारियों से की मुलाकात



रायपुर। धमतरी जिले के अर्जुनी थाना अंतर्गत ग्राम भोयना स्थित अन्नपूर्णा ढाबा पर हुए तिहरे हत्याकांड के बाद युवा सामाजिक नेता, अधिवक्ता और युवा नेता आशीष तांडी मंगलवार को धमतरी पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों के साथ एकजुटता जताते हुए न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाने और मृतकों के परिजनों को त्वरित क्षतिपूर्ति राशि-मुआवजा दिलाने के लिए आला अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान नेताद्वय श्री नायक और श्री तांडी ने सबसे पहले अर्जुनी पुलिस थाने पहुंचकर मामले के विवेचक से मुलाकात कर जांच की प्रगति की जानकारी ली। पुलिस ने आरोपियों को प्रकरण में सजा दिलवाने का पूर्ण आश्वासन दिया। इसके बाद दोनों नेता जिला एवं सत्र न्यायालय धमतरी स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय पहुंचे, वहां उन्होंने प्राधिकरण की सचिव नेहा उसेंडी से भेंट की और 'क्षतिपूर्ति अधिनियम, 2011' के प्रावधानों के तहत मृतकों के परिजनों की ओर से क्षतिपूर्ति राशि के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किए।

# हाउसिंग बोर्ड ने 6 माह में 2230 संपत्तियां बेचकर जुटाए 435 करोड़, बनाया रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- वन टाइम सेटलमेंट योजना-2 बनी गेम चेंजर

छत्तीसगढ़ के शहरी क्षेत्रों में मध्यम और निम्न आय वर्ग के लोगों को सुविधा युक्त आवास का सपना छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल पूरा कर रहा है। मंडल ने पिछले छह माह में 2230 संपत्तियों का विक्रय कर 435 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड राजस्व अर्जित किया है, जो पिछले पांच वर्षों में अर्जित राजस्व की तुलना में कहीं अधिक है। इस उपलब्धि में वन टाइम सेटलमेंट योजना-2 गेम चेंजर साबित हुई है।



### मंत्री चौधरी ने कही ये बात

आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल संपत्तियों का विक्रय नहीं, बल्कि हर परिवार को सुरक्षित और सम्मानजनक छत प्रदान करना है। यह उपलब्धि हितग्राहियों के विश्वास और टीम के समर्पण का परिणाम है। अब हम गुणवत्ता आधारित आवास उपलब्ध कराने की दिशा में और तेजी से काम करेंगे।

**ये है रिकार्ड :** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने औसतन प्रतिवर्ष 1387 संपत्तियों का विक्रय किया, जिनका वार्षिक मूल्य लगभग 262 करोड़ रुपये रहा। वहीं मार्च 2025 से अगस्त 2025 तक मात्र छह माह में ही यह आंकड़ा 2230 संपत्तियों और 435 करोड़ रुपये तक पहुँच गया। इसमें अटल विहार एवं सामान्य आवास योजना के तहत 1070 संपत्तियाँ 259 करोड़ रुपये में तथा ओटीएस-2 योजना के अंतर्गत 30 प्रतिशत तक की छूट के साथ 1160 संपत्तियां 176 करोड़ रुपये में विक्रय की गईं। छत्तीसगढ़ सरकार की इस वर्ष लागू वन टाइम सेटलमेंट योजना-2 ने आम नागरिकों को बड़ी राहत दी है। इस योजना के तहत 1160 संपत्तियों का 176 करोड़ रुपये मूल्य का विक्रय हुआ। इसके पहले, सितंबर 2021 से मार्च 2024 तक लागू ओटीएस-1 योजना के अंतर्गत तीन वर्षों में केवल 506 संपत्तियाँ 88 करोड़ रुपये में विक्रय हो पाई थीं।

## पेज 11 के शेष ...

### पांचवें दिन भी ...

छोटी प्रतिमाएं और 1849 बड़ी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। प्रतिमाओं के अवशेष सहित बांस की खपच्ची, रस्सी के गुच्छे, सजावट में प्रयुक्त सामग्री का ढेर कुंड से बाहर निकाला रहा है। इसके कारण कुंड के आसपास बड़ी मात्रा में ढांचों का ढेर लग गया है। निगम प्रशासन ने तीन पाली में मूर्तियों का विसर्जन करने और कुंड से ढांचा निकालने 80 गोताखोर की डयूटी लगाई है।

### झांकी रूट में ...

कर्मचारियों की 8-8 घंटे की 3 पाली में ड्यूटी लगाई गई है। बुधवार को सुबह की पाली में जोन 5 और दोपहर 2 बजे से 10 बजे की पाली में जोन 6 के अधिकारी, कर्मचारी विसर्जन स्थल पर मौजूद रहे। इसी तरह जोनवार विसर्जन व्यवस्था की मानिटरिंग की जा रही है।

### दस्तावेजों की जांच में ऑल ...

आगे बढ़ा दिया गया है। यहां निजी और शासकीय कालेज मिलाकर प्रबंधन, एनआरआई और स्टेट कोटे की करीब 180 सीटों पर एडमिशन होना है। प्रदेश में प्रथम चरण की काउंसिलिंग प्रक्रिया 23 अगस्त को पूरी हुई थी। काउंसिलिंग का आयोजन चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा एनआईसी के सहयोग से पूरा किया जा रहा है।

### पति प्रताड़ित महिला ....

दोपहर साढ़े 11 बजे के करीब महिला थाना पहुंची और थाने के बाहर काफी देर तक बैठी रही। इस दौरान महिला थाने का स्टाफ अपने काम में व्यस्त था। तभी पुलिसकर्मियों को बाहर से जोर-जोर से चिल्लाने की आवाज आई। इसी दौरान एक महिला आग लगाकर थाने के अंदर घुस गई। थाने के अंदर घुसने के बाद वह आगे गलियारा में जाने के बाद पुनः चिल्लाते हुए बाहर निकली। इस दौरान मौके पर उपस्थित पुलिस स्टाफ ने पानी की व्यवस्था कर महिला पर डाला तथा थाने में रखे कंबल से ढक कर आग बुझाने की कोशिश की, तब तक महिला बुरी तरह से झुलस चुकी थी।

### पति पर आरोप...

साथ उनके घर को आग लगाने की धमकी देता था। परिजनों ने आरोप लगाया है कि पिछले साल दीपावली पर शिवम ने वर्षा के साथ मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया था।

### पुरानी बस्ती पुलिस ने ....

शिवम के खिलाफ किसी तरह से कोई कार्रवाई नहीं होने से आहत महिला ने खुद पर पेट्रोल डालकर खुदकुशी करने की कोशिश की।

### वापस ली जाएगी ....

इंजीनियरिंग, चिकित्सा, दंत चिकित्सा, फार्मेसी, नर्सिंग, वास्तुकला, फिजियोथेरेपी, पैरामेडिकल, कृषि, बागवानी, होटल प्रबंधन, खानपान प्रौद्योगिकी, दृश्य कला और कानून जैसे विषय शामिल हैं. अब इस सूची में मनोविज्ञान और पोषण भी जोड़ दिए गए हैं।

### एकाएक बिगड़ा मौसम...

हुआ, मगर दिन ढलने के बाद मिजाज फिर बदला और काफी देर तक गर्जना के बाद काफी देर तक हल्की से मध्यम वर्षा का दौर चलता रहा। मौसस विभाग के अनुसार अभी मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर दक्षिणी पाकिस्तान और उससे लगे उत्तर पूर्व अरब सागर के ऊपर स्थित केंद्र, भुज, बनस्थली, आगरा, बाराबंकी, वाराणसी, डालटनगंज, रांची, दीघा और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण उड़ीसा और उत्तर तटीय आंध्रप्रदेश के ऊपर विस्तारित है। 11 सितंबर को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

# स्कूलों में अब 'चखने का रजिस्टर'! पसंद नहीं आया मध्यान्ह भोजन तो शिकायत कर सकेंगे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में अब उपस्थिति के साथ 'चखने' का भी रजिस्टर होगा। छग शासन द्वारा इस संदर्भ में आदेश जारी किया गया है। स्कूली छात्रों तथा छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को भोजन परोसे जाने के पूर्व शिक्षक और वार्डन अनिवार्य रूप से इसे चखेंगे।

चखने का एक रजिस्टर भी बनाया जाएगा। शिक्षक और रसोइए द्वारा इसमें हस्ताक्षर किए जाएंगे तथा रजिस्टर में इस बात का जिक्र रहेगा कि किन तिथियों पर किसके द्वारा भोजन चखा गया है। शासन के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिसमें शालेय छात्रों के मध्यान्ह भोजन पकाने एवं परोसने में असावधानियां बरती गई हैं। इससे छात्रों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता था। इस संबंध में जनहित याचिका पर उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश में सावधानी तथा सुरक्षा बरतने निर्देश दिए गए हैं। इस आदेश के परिपालन में ही छग शासन द्वारा यह आदेश जारी किया गया है। स्कूल, छात्रावास और आंगनबाड़ी केंद्रों में खाद्य सुरक्षा की निगरानी के लिए प्रत्येक जिले में एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। मिड डे मिल में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी के लिए प्रधानाध्यापक, प्रधानाचार्य अथवा वार्डन की व्यक्तिगत जवाबदेही तय होगी।

खास खबर

### होगी मॉक ड्रिल

सभी विद्यालयों और छात्रावासों में प्राथमिक चिकित्सा किट और बुनियादी विषहर औषधियां उपलब्ध कराई जाएंगी। आपातकालीन चिकित्सा सहायता के लिए निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गठजोड़ किया जाएगा। स्कूलों में मॉक ड्रिल भी किया जाएगा। खाद्य विषाक्तता की स्थिति से निपटने की तैयारी इसके माध्यम से कराई जाएगी।



### रसोई में नहीं रख सकेंगे डिटर्जेंट

रसोई और भंडारण को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं। इसके मुताबिक, रसोईघरों और भंडार कक्षों का निरीक्षण नियमित अंतराल पर नामित अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। फिनाइल, कीटनाशक, डिटर्जेंट, कैरोसिन को रसोई अथवा भंडार गृह में नहीं रखा जाएगा। अनाज, दाल, तेल और सूखी सब्जियों के लिए ताले और सीलबंद कंटेनर की व्यवस्था करनी होगी। खाद्य गुणवत्ता या सुरक्षा संबंधित खामियों की सूचना देने के लिए एक राज्य स्तरीय हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा। मिड-डे-मिल से जुड़ी प्रत्येक छोटी-बड़ी घटना की सूचना जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर को देनी होगी।

## खबर संक्षेप



### पोस्टर व क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने लिया भाग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी में बुधवार को पोस्टर व क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रमों का उददेश्य छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ में 25 वर्षों में हुए विकास और उपलब्धियों से अवगत कराना था। क्वीज प्रतियोगिता का विषय छग के पच्चीस स्वर्णीम वर्ष तथा पोस्टर प्रतियोगिता का विषय मेरे सपनों का छत्तीसगढ़ था। इस कार्यक्रम में डॉ. जयेश करंजगावंकर एवं शांति कुमारी राजवाड़े के अलावा रासेयो स्वंयसेवक अंर्तयामी, वंश वर्मा व शिवम पांडे का विशेष योगदान रहा।

### मराठी निबंध लेखन स्पर्धा 5 अक्टूबर को

**रायपुर।** बृहन्महाराष्ट्र मंडल नईदिल्ली और राज्य मराठी विकास संख्या मुंबई की ओर से मराठी निबंध लेखन स्पर्धा का आयोजन महाराष्ट्र मंडल रायपुर में 2 अक्टूबर को किया जा रहा है। निबंध लेखन स्पर्धा तीन वर्गों में आयोजित की गई। निबंध लेखन का माध्यम मराठी होगी। वहीं स्पर्धा 5 अक्टूबर को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। महाराष्ट्र मंडल के साहित्य समिति की प्रभारी कुमुड लाड ने बताया कि निबंध लेखन तीन वर्गों में आयोजित किया गया है। तीनों वर्गों की अपनी अलग-अलग शब्द सीमा और विषय तय किया गया है। इच्छुक प्रतिभागी को नियत विषय पर तय समय में मराठी भाषा में निबंध लिखना होगा। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रतिभागी को पहले ही 25 रुपए प्रवेश शुल्क देकर पंजीयन करना होगा।

## सेजबहार पुल में भरा पानी, मुख्य सड़क बारिश के बाद बनेगी

# उपाध्यक्ष की चेतावनी के बाद जागा पीडब्ल्यूडी, पुल की मरम्मत शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु की चेतावनी के बाद पीडब्लूडी विभाग भी नींद से जागा है और पुराना धमतरी मार्ग पर क्षतिग्रस्त हो चुकी सेजबहार पुल की सड़क की मरम्मत करना शुरू कर दिया है। पुल की इस सड़क के साथ ग्राम डूंडा से लेकर सेजबहार तक मुख्य सड़क भी भारी वाहन के आवागमन के कारण जगह-जगह धंसकर खराब हो गई है। इस सड़क की मरम्मत का कार्य बारिश का सीजन खत्म होने के बाद अक्टूबर में किया जाएगा।

हरिभूमि सरोकार

### सामान्य सभा में दी थी धरने पर बैठने की चेतावनी

जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में उपाध्यक्ष संदीप यदु ने पुराना धमतरी मार्ग पर ग्राम डूंडा से लेकर सेजबहार तक खराब सड़क, सेजबहार पुल की क्षतिग्रस्त सड़क एवं स्ट्रीट लाइट में की गई अनियमितता का मुद्दा उठाया था। उन्होंने सदन को अवगत कराया था कि ग्राम डूंडा से लेकर सेजबहार तक सड़क धंसकर खराब हो चुकी है, वहीं सेजबहार पुल की सड़क से डामर गायब हो चुका है। लोहे की छड़ें तक दिखने लगी हैं। उन्होंने सदन के माध्यम से पीडब्ल्यूडी विभाग के अफसरों को चेतावनी दी थी कि अगर सात दिनों के भीतर पुल और सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई, तो वे उसी सड़क पर धरने पर बैठ जाएंगे। इस चेतावनी का बुधवार को अंतिम दिन था। इससे पहले कि उपाध्यक्ष अपनी चेतावनी को अमलीजामा पहनाते, उससे पहले ही विभाग ने सेजबहार पुल की मरम्मत करने का कार्य शुरू कर दिया है।

### मुख्य सड़क की मरम्मत अक्टूबर में

पीडब्ल्यूडी विभाग के अफसरों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष को सड़क मरम्मत का कार्य शुरू किए जाने की जानकारी दी, जिसके बाद उन्होंने धरना देने का फैसला स्थगित किया। हालांकि विभाग ने उपाध्यक्ष को आश्वासन दिया है कि बारिश का सीजन खत्म होने के बाद अक्टूबर में मुख्य सड़क की मरम्मत का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा।







### *पुल की सड़क बारिश के पानी में डूबी, निकासी का रास्ता खोला तब निकला पानी*

*पीडब्ल्यूडी विभाग सेजबहार पुल सड़क की मरम्मत करने पहुंचर, उसी समय तेज बारिश होने से पुल पर बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर गया, वहीं पानी निकासी का रास्ता चोक होने से सड़क पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई। इसे देखते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग के सड़क मरम्मत कर्मियों ने तत्काल निकासी का रास्ता खोला, जिससे पानी बहकर नीचे गिर गया। बारिश बंद होने के बाद कर्मियों ने पुल सड़क की मरम्मत करना भी शुरू कर दिया।*

# बिजली दरों में बढ़ोतरी के विरोध में डंगनिया बिजली ऑफिस में कांग्रेस ने की तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




बिजली दरों में बढ़ोतरी को लेकर डंगनिया स्थित विद्युत मंडल कार्यालय में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, गिरीश दुबे, आकाश शर्मा के साथ कांग्रेसियों ने ताला बंदी कर विरोध जताया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ सहित रायपुर की जनता महंगी बिजली दर, अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज से परेशान है।

विकास उपाध्याय ने कहा, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा जनहित के लिए चलाई जा रही बिजली बिल हॉफ योजना को साय सरकार ने जनता को चुनाव में योजना लागू रहने का झूठा आश्वासन दिया था। साय सरकार ने इसे 2 साल में ही बंद कर दिया। छत्तीसगढ़ में बीजेपी की ट्रिपल इंजन सरकार लगातार जनता को धोखा दे रही है। छत्तीसगढ़ की बिजली दरों में फेर-बदल कर साय सरकार सिर्फ जनता को गुमराह कर रही है। बिजली दरों में मनमाने ढंग से बढ़ोतरी की है, जिससे निम्न और मध्य वर्ग के परिवार का महीने का बजट पूरी तरीके से ध्वस्त हो गया है। ऐसा लगता है कि सरकार महतारी वंदन योजना में दे रहे पैसे को वसूलने की पूरी तैयारी कर चुकी है।

### बिजली चोर गद्दी छोड़ के लगाए नारे

### महतारी वंदन योजना के पैसे वसूलने की पूरी तैयारी कर चुकी सरकारः विकास

### विद्युत व्यवस्था बिगड़ी

उन्होंने कहा, बिजली वितरण की व्यवस्था सही नहीं है। उदाहरण के तौर पर वर्तमान में विद्युत ट्रांसफार्मरों की देखरेख में लापरवाही बरतना, लो वोल्टेज की समस्या, बिना पूर्व सूचना के बिजली कटौती की जा रही है। उपभोक्ताओं द्वारा सीएसईबी के अधिकारी कर्मचारी से संपर्क किया जाता है, तो न ही कोई फोन उठाते हैं और समस्या संबंधित न ही कोई जवाबदारी लेने को तैयार रहते हैं।

### *ये थे मौजूद*

*आज के प्रदर्शन में विकास उपाध्याय, गिरीश दुबे, आकाश शर्मा, प्रमोद चौबे, श्रीकुमार मेनन, सुंदर जोगी, अन्नू साहू, सतनाम पनाग, गौरी शंकर दुबे, मुन्ना मिश्रा, प्रशांत ठेंगड़ी, शीनू, संदीप तिवारी, अजीज भिन्सारा, अशोक ठाकुर, अमित शर्मा लल्लू, लल्लू शुक्ला, हीरा यदु, बंशी कन्नौज, योगेश तिवारी, रवि राव, अखिलेश जोशी, बबलू दीप, नंदन झा, योगेश दीक्षित, राजू शर्मा, प्रशांत गोस्वामी, प्रीति सोनी, कशिश चंद्राकर, प्रवीण चंद्राकर, मनोज सोनकर, ब्रह्मा सोनकर, संजू नायडू, अशोक शिवहरे, चीकू तिवारी, विष्णु राजपूत, निखिल बंजारी, कृष सहारे, कुणाल दुबे, देवेंद्र पावर, शानू दीवान, हेमलाल नायक सहित कई कांग्रेसी मौजूद थे।*


## बिजनेस साइट

### त्योहारी सीजन के लिए सुरेश ज्वेलर्स में खास ऑफर




**रायपुर।** हलवाई लेन स्थित सुरेश ज्वेलर्स ने इस त्योहारी और वैवाहिक सीजन के लिए स्वर्ण, रजत और हीरे के आभूषणों की एक आधुनिक और पारंपरिक कलेक्शन पेश की है। सभी ज्वेलरी आइटम्स 100 प्रतिशत हॉलमार्किंग के साथ उपलब्ध हैं, जिससे ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण और प्रमाणित आभूषणों की गारंटी मिलती है। इस बार के कलेक्शन में अंगूठी, चेन, ब्रेसलेट, मंगलसूत्र, फूल सेट, जड़ाऊ ज्वेलरी और एंटीक डिज़ाइनों की आकर्षक रेंज शामिल है। साथ ही, चांदी की पायल और बिछिया जैसे पारंपरिक आभूषणों का भी बेहतरीन कलेक्शन ग्राहकों को लुभा रहा है। त्योहारी ऑफर्स के तहत सुरेश ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को 1 लाख रुपये से अधिक की खरीदी पर विशेष उपहार भी दे रहा है। इसके अलावा दिवाली और आगामी विवाह आयोजनों के लिए एडवांस बुकिंग भी शुरू कर दी गई है। संचालक जय जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि सुरेश ज्वेलर्स पिछले 40 वर्षों से भरोसे और शुद्धता का पर्याय रहा है। उन्होंने कहा, हमारे ग्राहकों का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। हमने हमेशा यही प्रयास किया है कि बेहतरीन गुणवत्ता के आभूषण वाजिब दामों में उपलब्ध कराएं।

### मैट्स विवि में 'वर्ल्ड सुसाइड प्रिवेंशन डे' पर अतिथि व्याख्यान




**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा वर्ल्ड सुसाइड प्रिवेंशन डे के अवसर पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. जगदीश सोनकर (आईएएस एवं प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़) रहे। उन्होंने आत्महत्या जैसे संवेदनशील विषय पर तीन प्रेरक कहानियां साझा कर युवाओं को जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी। कुलपति डॉ. के. पी. यादव ने भारत में आत्महत्या की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने जीवन को सशक्त बनाने की शपथ ली।

### आरडीए की बैठक में निर्णय : संपत्ति सरचार्ज में छूट



**रायपुर।** रायपुर विकास प्राधिकरण की संचालक मंडल की बैठक बुधवार को प्राधिकरण अध्यक्ष नंद कुमार साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्राधिकरण की पुरानी योजनाओं के अंतर्गत आवासीय और व्यावसायिक सम्पत्तियों पर बकाया राशि के एकमुश्त भुगतान पर सरचार्ज में छूट देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। निर्णय के अनुसार, कौशल्या माता विहार, इन्द्रप्रस्थ योजना और बोरियाखुर्द में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित एलआईजी, ईडब्ल्यूएस फ्लैट और स्वतंत्र मकानों के लिए यदि हितग्राही 31 दिसंबर तक बकाया राशि का एकमुश्त भुगतान करते हैं, तो उन्हें सरचार्ज में विशेष छूट दी जाएगी। अध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि आवासीय सम्पत्तियों पर 50 प्रतिशत और व्यावसायिक सम्पत्तियों पर 30 प्रतिशत सरचार्ज की छूट दी जाएगी। यह छूट अंतिम अवसर के रूप में दी जा रही है ताकि अधिक से अधिक हितग्राही इस योजना का लाभ उठा सकें।

### उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में 'लिवर केयर कैंप' आज




**रायपुर।** उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल, भाठागांव द्वारा लिवर स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने और समय पर जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक विशेष लिवर केयर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप आज सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अस्पताल परिसर में आयोजित होगा। इस दौरान प्रतिभागियों को फाइब्रोस्कैन टेस्ट और एक्सपर्ट डॉक्टर से परामर्श की सुविधा रियायती दर पर उपलब्ध कराई जाएगी। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इस शिविर में भाग लेने के लिए पूर्व-पंजीकरण अनिवार्य है।

### सिटी होंडा में हेल्थ चेक-अप और रक्तदान शिविर का आयोजन



**रायपुर।** सिटी होंडा ने अपने कर्मचारियों की सेहत और कल्याण को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भी नियमित वार्षिक हेल्थ चेक-अप एवं ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया। यह शिविर मेटा क्लिनिक के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कैंप के दौरान कुल 89 कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, वहीं 13 कर्मचारियों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। शिविर में मेटा क्लिनिक की डॉ. स्वीटी लाठ, क्लिनिक की सीईओ जिया लाठ एवं उनकी मेडिकल टीम की सक्रिय भूमिका रही। सिटी होंडा के संचालक कैलाश खेमानी ने कहा, हमारे लिए कर्मचारियों की शारीरिक और मानसिक सेहत सर्वोपरि है। हर वर्ष हम ऐसे आयोजनों के साथ-साथ पारिवारिक फिल्म प्रदर्शन एवं अन्य सामाजिक गतिविधियां भी आयोजित करते हैं, जिससे आपसी सामंजस्य और सकारात्मक माहौल बना रहे।

### त्योहार के मौके पर वरुण होंडा ने ग्राहकों को दिए शानदार उपहार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की पहली होंडा डीलरशिप वरुण होंडा ने इस त्योहार के शुभ अवसर पर अपने ग्राहकों के लिए एक विशेष लकी ड्रा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में शामिल ग्राहकों के बीच लकी ड्रा के माध्यम से आकर्षक उपहार वितरित किए गए। इस लकी ड्रा में प्रथम पुरस्कार के रूप में विश्वनाथ जी को फ्रिज प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार हिमांशु पटेल को मिला, जिन्हें टीवी भेंट किया गया। वहीं तृतीय पुरस्कार के रूप में हर्ष छाबड़ा को कूलर प्राप्त हुआ। इसके अलावा अन्य कई ग्राहकों को भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में वरुण होंडा के मैनेजिंग डायरेक्टर कमल चंद जैन, सीईओ रघुवेन्द्र सिंह तथा होंडा मोटरसाइकिल के एरिया इंचार्ज श्री हर्ष पाठक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### पीएनबी रायपुर में ग्राहक समिति की तिमाही बैठक आयोजित



**रायपुर।** पंजाब नैशनल बैंक, अंचल कार्यालय रायपुर द्वारा सीबीबी शाखा, कटोरा तालाब में ग्राहक समिति की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य ग्राहकों की समस्याएं सुनना, सुझाव प्राप्त करना एवं बैंक सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाना था। उप अंचल प्रबंधक मनीष देबबर्मा ने ग्राहकों का स्वागत करते हुए बैंक की विभिन्न योजनाओं जैसे पीएमजेजेबीवाय, पीएमएसबीवाय, अटल पेंशन योजना, डोर स्टेप बैंकिंग आदि की जानकारी दी। ग्राहकों ने सेवाओं से जुड़ी समस्याओं पर खुलकर चर्चा की तथा उपयोगी सुझाव भी दिए, जिन पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इस बैठक में सीबीबी शाखा प्रमुख सब्यसाची महापात्रा, सहायक महाप्रबंधक चंद्रकांत सिंह, मुख्य प्रबंधक प्रियंक चोपड़ा, इंदु सिंह सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### बैंक ऑफ इंडिया ने ग्रामीणों को साइबर ठगी से किया सतर्क



**रायपुर।** बोरीगर्का ग्राम पंचायत में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बैंक ऑफ इंडिया रायपुर जोन के सतर्कता अधिकारी, उतई शाखा प्रबंधक और उप-प्रधान उपस्थित रहे। इस ग्राम सभा का उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के लिए जागरूक करना था। अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराधी किस प्रकार फोन कॉल, फर्जी मैसेज और लिंक से ठगी करते हैं। ग्रामीणों को सुरक्षित बैंकिंग उपाय जैसे मजबूत पासवर्ड, निजी जानकारी साझा न करना और सतर्कता बरतने की सलाह दी गई, जिससे वे वित्तीय नुकसान से बच सकें।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने तूता धरना स्थल से रैली निकाली, पुलिस ने रास्ते में बैरिकेड लगाकर रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- नियमितीकरण, संविलयन सहित दस सूत्रीय ज्ञापन सौंपा
- प्रदेश के सभी जिलों में प्रदर्शन




छत्तीसगढ़ संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आव्हान पर हड़ताली संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने तूता के धरना स्थल से प्रदेश भाजपा कार्यालय के लिए रैली निकाली। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को ब्रिज के पास बैरिकेड लगाकर रोक दिया। कर्मचारियों ने ब्रिज के पास ही प्रशासन के अधिकारियों को लंबित मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही प्रदेश के अन्य जिलों में रैली निकालकर भाजपा जिला कार्यालय में ज्ञापन दिया।

नियमितीकरण, संविलयन, ग्रेड पे, लंबित 27 फीसदी वेतन वृद्धि, अनुकंपा नियुक्त सहित दस सूत्रीय मांगों को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन के 24वें दिन कर्मचारियों ने आपने बनाया है, तो संवारेंगे कब... नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। संघ के अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी और महासचिव कौशलेश तिवारी ने बताया कि भाजपा ने अपने घोषणापत्र व मोदी गारंटी में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की समस्या का निवारण करने और नियमितीकरण व संविलयन करने का वादा किया था। मोदी गारंटी में भी नियमितीकरण का उल्लेख किया है, इसके बावजूद 20 माह बीतने के बाद भी अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। जब तक लिखित आदेश जारी नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा। प्रदेशभर के 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवा पर असर पड़ा है। लैब टेस्ट, शिशु वार्ड, पोषण पुनर्वास में काम ठप पड़ा है। स्कूल व आंगनबाड़ी में बच्चों की स्वास्थ्य जांच प्रभावित हो रही है। टीबी, मलेरिया, बीपी, शुगर की जांच व दवा वितरण के काम पर असर पड़ रहा है। हड़ताली कर्मचारियों ने एक दिन पूर्व नवा रायपुर के तूता स्थित तालाब में जल सत्याग्रह कर शासन का ध्यान अपनी लंबित मांगों की ओर आकर्षित कराया था।

### प्रदेशभर के ग्राम पंचायत भृत्य ने दी आंदोलन की चेतावनी

छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 11,665 ग्राम पंचायतों के भृत्य ने एक समान मानदेय की मांग को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। 15 साल से ग्राम पंचायतों में सेवा दे रहे ग्राम पंचायत भृत्य कर्मचारी का कहना है कि उन्हें कहीं पर 4 हजार, तो कहीं पर 5 से 6 हजार रुपए महीना मानदेय दिया जाता है, जबकि सभी ग्राम पंचायत भृत्य को समान मानदेय दिया जाए। 15 सालों से एक समान मानदेय नहीं मिलने से प्रदेशभर के ग्राम पंचायत भृत्य नाराज हैं। संघ के संरक्षक भूपेंद्र साहू, प्रदेश अध्यक्ष सोमनाथ तारक ने कहा है कि एक सूत्रीय मांग पूरी नहीं होने पर ग्राम पंचायत भृत्य आंदोलन करने बाध्य होंगे। हाल ही में ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक राजाराव पठार में आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न मुद्दों और कार्ययोजना को लेकर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेशभर के विभिन्न विकासखंड और जिला पदाधिकारियों ने संघ को अवगत कराया कि सालों से ग्राम पंचायत में कार्य करने के बाद भी सरकार अलग अलग मानदेय दे रही है। अगर सरकार जल्द इस संबंध में निर्णय नहीं लेगी, तो प्रदेशभर के ग्राम पंचायत भृत्य आंदोलन करेंगे।

# बस्तर बाढ़ पीड़ितों के लिए चैंबर ने बढ़ाया मदद का हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



बस्तर अंचल इन दिनों बाढ़ की त्रासदी से जूझ रहा है। इससे हजारों परिवार कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। इस गंभीर आपदा की घड़ी में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स ने बाढ़ पीड़ितों के लिए मदद का हाथ आगे बढ़ाया है। चैंबर के नेतृत्व में न्यू बर्तन व्यापारी संघ नयापारा तथा होलसेल कपड़ा व्यापारी संघ पंडरी सहित व्यापारियों के सहयोग से राहत सामग्री एकत्रित की गई। इस राहत सामग्री में बाढ़ प्रभावित परिवारों की तात्कालिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बर्तन एवं मच्छरदानी प्रमुख रूप से शामिल किए गए। चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में व्यापारियों ने महापौर मीनल चौबे से भेंट कर उन्हें राहत सामग्री सौंपी, ताकि प्रभावित परिवारों तक समय पर आवश्यक सहयोग पहुंच सके। चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि बस्तर की यह आपदा केवल बस्तर की नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की पीड़ा है। छत्तीसगढ़ चैंबर परिवार पीड़ित परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। हमारा संकल्प है कि हर संभव सहयोग करते रहेंगे और आवश्यकता पड़ने पर राहत कार्यों को और गति देंगे।





02 पेड़ों को बचाने अमृता देवी के विरोध पर ....

**लाइव इवेंट**

## आत्महत्या की घटना रोकने के लिए साइकोलॉजिस्ट ने छात्रों को दिया मंत्र



**रायपुर।** शहर के हिंदू हाईस्कूल में बुधवार को आत्महत्या की रोकथाम को लेकर एक जागरूकता व्याख्यान माला आयोजित की गई। यह आयोजन दोपहर ढाई बजे शुरू हुआ। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता साइकोलॉजिस्ट एवं स्वामी विवेकानंद उत्कर्ष परिषद की अध्यक्ष दीप्ती दुबे रही। उन्होंने आत्महत्या जैसे गंभीर और संवेदनशील विषय पर विद्यार्थियों से संवाद करते हुए मानसिक स्वास्थ्य को लेकर कई बातें साझा कीं। उन्होंने कहा कि जीवन में उतार-चढ़ाव आना स्वाभाविक बात है, लेकिन समस्याओं से भागना नहीं, बल्कि उनका सामना करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच और कठिन परिस्थितियों में धैर्य रखने का मंत्र दिया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कभी जीवन में कठिनाई अधिक महसूस हो तो परिवार, मित्रों और विशेषज्ञों से खुलकर बातचीत करना चाहिए।

### सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित कर पाएंगे

इस व्याख्यान में उपस्थित शिक्षकों का मानना है कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ेगी और वे जीवन के प्रति अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित कर पाएंगे। हिंदू हाईस्कूल प्रबंधन ने भी दीप्ती दुबे का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस तरह के उपयोगी और सार्थक आयोजन किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर शिक्षिका अर्चना शर्मा, शिक्षिका रेखा साहू, मनोवैज्ञानिक श्री डेविड जी, मनोवैज्ञानिक विकास गोयल, मनोवैज्ञानिक प्रियंका उपस्थित थी। सभी ने इस तरह के आयोजनों को भविष्य में भी करने पर जोर दिया।

**उभरते युवा कलाकार देवकी यादव व साथियों ने दर्शकों के बीच जमाया रंग**

# मुक्ताकांशी मंच पर बांस गीत, सुआ नृत्य और भरथरी के अद्भुत संगम से बिखरी लोक संस्कृति की छटा

लोक रंगपर्व के दूसरे दिन मुक्ताकांशी मंच पर बांस गीत, सुआ नृत्य और लोक गाथा भरथरी की त्रिवेणी संगम हुआ। बांस गीत कलाकार मंगलूराम यादव व साथियों ने छत्तीसगढ़ की विलुप्त हो रही बांस गीत लोक विधा की शानदार प्रस्तुति दी, जिससे दर्शक भावविभोर दिखे। मंगलू यादव व साथियों ने बांस गीत पर किस्सा- समधियनों सुनाया। इस विधा में बांस के विशेष वाद्य यंत्र की धुन पर बांस गीत किस्सा-समधियानों से पूरा मुक्ताकांशी मंच गुंजायमान हुआ।





**रायपुर।** बांस गीत की शुरुआत कृष्ण भगवान के जयकारे के साथ हुआ। आरे आरे भाईया रे.... कोन करही तोर राम रसोईया, कोन करही जेवनास, कोर करही तोर पलंग बिछौना, कौन जोही तोर बाट..बांस गीत सुनकर दर्शक आनंदित हुए। गायक मंगलूराम यादव व साथियों ने मंच दिए जाने पर संस्कृति विभाग का आभार व्यक्त किया। बांस गीत, सुआ नृत्य और भरथरी लोक गाथा, गीत व नृत्य देखने-सुनने बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे।

### सुआ नृत्य ने दर्शकों का मोहा मन

मुक्ताकांशी मंच पर उभरते युवा कलाकार देवकी यादव व साथियों की सुआ नृत्य ने लोक रंग पर्व में लोक गीत व नृत्य से कलाप्रेमियों का मन मोह लिया। तालियों की थाप पर पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में सुआ गीत व नृत्य करते कलाकारों ने लोकरंग पर्व को यादगार बना दिया। बोल सुआ ये दे बोल, आओ दीदी नानारी बोल, सुआ बोला राम ले लेके तो नाम तो लाहे प्रणाम जैसे सुआ गीतों की प्रस्तुति ने मंच पर लोकरंग व आदिवासी कला-संस्कृति की झलक बिखेरी। मिट्टी से बने सुआ पक्षी की आकृति को बीच में रखकर उसके चारों ओर परिक्रमा मुद्रा में तालियों की थाप पर नृत्य व सुआ गीतों की गान करते हुए कलाकारों की समूह ऐसे आभास हो रहा था, मानो किसी पेड़ की डाली पर सुआ यानी तोता पक्षियों की झुंड मधुर आवाज में गीत गाकर अटखेलियां कर रही हों। सुआ नृत्य करते कलाकारों की दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से अभिवादन किया।



### लोक गीत व नृत्य देख गदगद हुए दर्शक

मुक्ताकांशी मंच पर लोकरंग पर्व में लोक गीत व नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति देखने बड़ी संख्या में दर्शक पहुंच रहे हैं। छत्तीसगढ़ी लोक गीत व संगीत को लेकर लोगों में रुचि दिखाई दे रही है। शाम 7 बजे से देर रात 9 बजे तक सुआ, बांस गीत और भरथरी की लोक गाथा का आनंद लेते दिखे। दर्शकों की भीड़ को देख कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे लोक कलाकारों का उत्साहवर्धन हुआ।



### भरथरी में लोकगाथा और लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति

इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के युवा भरथरी कलाकार प्रांजल सिंह राजपूत, योगेश यादव और उनकी लोकरागी संस्था भाटापारा ने विशेष प्रस्तुति के रूप में लोकगाथा भरथरी और लोकगीतों की प्रस्तुति दी। युवा कलाकार द्वारा भरथरी की प्रस्तुति सुन उपस्थित जनसमूह झूम उठे। भरथरी में कलाकारों ने राजा भरथरी के जीवन को लोक शैली में प्रस्तुत किया। सारंगी या एकतारा जैसे वाद्य यंत्रों के साथ छत्तीसगढ़ की भरथरी लोक गाथा सुन दर्शक मंत्रमुग्ध हुए। भरथरी लोककथा से कलाकारों ने आध्यात्मिक और लोक जीवन का अनूठा संगम कराया।

**सिटी इवेंट**

## फ्रेशर पार्टी में मस्ती, रैंप वॉक और धमाकेदार डांस, मिस गुरुकुल बनीं पायल



**रायपुर।** शहर स्थित गुरुकुल महिला महाविद्यालय में नवप्रवेशी छात्राओं के लिए आयोजित स्वागत समारोह में छात्राओं ने जमकर उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। यह रंगारंग कार्यक्रम रंगमंदिर परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें विज्ञान, वाणिज्य और कंप्यूटर विभाग की 200 से अधिक छात्राएं शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक अंदाज में फूलों की वर्षा से हुई। इस दौरान छात्राएं वेस्टर्न थीम में शामिल हुईं। मंच पर एक के बाद एक दिलचस्प प्रस्तुतियों ने खूब तालियां बटोरीं। फ्रेशर पार्टी का मुख्य आकर्षण गेम्स और रैंप वॉक रहा, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### फिल्मों का तकिया-कलाम पर किया फनी एक्ट

एक ओर जहां मस्ती का सिलसिला जारी था, वहीं दूसरी ओर छात्राओं ने पास द बॉल गेम्स में खूब लुफ्त उठाया। इस मौके पर छात्राओं ने एक-दूसरे को बॉल पास किया। वहीं, जिसके पास बॉल रुका उसे पेपर में लिखे एक्ट को पूरा करने का चैलेंज दिया गया। इसमें छत्तीसगढ़ी अंदाज में सब्जी बेचने का एक्ट, कभी खुशी-कभी गम का फनी एक्ट, फिल्मों का तकिया कलाम के साथ सभी ने हास्य से भरपूर एक्ट किया। जहां सभी हंसते हुए लौटपोट होते दिखे।



### बॉलीवुड और पंजाबी बीट्स पर डांस और रैंप वॉक

सब तो सोनी सादी देशी गल..., पूरा लंदन ठुमकदा..., आज फिर किथे चली ऐ, मोरनी बनके.. जैसे पार्टी सॉन्ग पर छात्राओं की धमाकेदार परफॉर्मेंस और रैंप वॉक की एंट्री ने लोगों का ध्यान केंद्रित किया। जहां सीनियर छात्राओं ने अपने जूनियर्स के लिए बॉलीवुड थीम पर डांस परफॉर्मेंस भी तैयार किया। फ्रेशर पार्टी में विज्ञान विभाग से आस्था शर्मा, वाणिज्य विभाग से अंशिका कोकोटे एवं कंप्यूटर विभाग से गीतिका देवांगन मिस फ्रेशर बनीं। वहीं, विज्ञान विभाग की छात्रा पायल पटेल को मिस गुरुकुल का खिताब दिया गया।

## स्टेशनरी और जरूरी अध्ययन सामग्री पाकर खिले चेहरे, सुविधा बढ़ाने डोनेट किए दो सिलिंग फैन

**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस की ओर से बुधवार को तात्यापारा स्थित कुसुम ताई दाबके स्कूल में 'मैजिक ऑफ काइंडनेस' का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को जरूरी सामग्री उपलब्ध कराना था, ताकि विद्यार्थी जीवन में आगे बढ़े। बच्चों को मुख्य रूप से जूते, फल, कॉपी, पेन और स्कूल के लिए दो सिलिंग फैन का भी वितरण किया गया। ये सभी वस्तुएं मिलने से बच्चों के चेहरे में प्यारी सी मुस्कान नजर आई। बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए रेनबो न्यूट्रिशन प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया। इसके चलते स्कूल में उत्साह का माहौल रहा। इस आयोजन को सफल बनाने में आयोजक संस्था की मेंबर्स के साथ ही शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सहयोग दिया।



### 25 मेंबर्स ने आयोजन को सफल बनाया

*आयोजन में उन्हें खान-पान और बैलेंस डाइट के बारे में बताया गया। इस प्रोग्राम के तहत न्यूट्रिशन रोटेरियन राखी काबरा ने बच्चों को बैलेंस डाइट की सलाह दी। उन्होंने रेगुलर 5 से 6 लीटर पानी पीने और सुबह स्प्राउट्स, स्मूदी, सलाद जैसे हेल्दी खाने की जानकारी दी। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रोटेरियन नीरू अग्रवाल, सेक्रेटरी तनुश्री अग्रवाल और मैजिक ऑफ काइंडनेस की चेयरपर्सन दिव्या अग्रवाल के साथ 25 मेंबर्स ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन नीरू अग्रवाल कहा कि रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस लगातार समाज सेवा के कार्यों में आगे रहता और जरूरतमंद संस्थाओं व बच्चों की नियमित रूप से मदद करते हैं, क्योंकि यही उनका उद्देश्य है।*

## राज्य रजत जयंती की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में क्विज़, भाषण व समूह चर्चा का हुआ आयोजन

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती के 25वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत क्विज़, भाषण एवं समूह चर्चा प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला में किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के अध्ययन शालाओं एवं संबद्ध महाविद्यालयों से कुल 73 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



### 73 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

क्विज़ प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ का इतिहास, संस्कृति और भौगोलिक के विषय में प्रथम तेजराय, द्वितीय अंशिका ओझा व तृतीय जितेन्द्र साहू रहे। भाषण प्रतियोगिता का विषय छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परम्पराओं का महत्व में प्रथम विक्की चंदेल, द्वितीय अंशिका ओझा और तृतीय जितेन्द्र साहू रहे। समूह चर्चा छत्तीसगढ़ की युवा पीढ़ी और राज्य का भविष्य के विषय के विजेता प्रथम हर्षित राव रानसिंह, द्वितीय डी. ज्ञानेश कुमार और तृतीय आयुष देवांगन बने। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला रहे। छात्रों ने पूरे उत्साहपूर्वक हर प्रतियोगिता में भाग लिया और ढेरों पुरस्कार अपने नाम किया।

**कार्नर न्यूज**

**फेस्टिवल सीजन में आकर्षक दिखने की महिलाओं में होड़**

# कौड़ी से तैयार ज्वेलरी का मार्केट में ट्रेंड हैंडमेंड-रेडिमेड दोनों को कर रहे पसंद





**रायपुर।** फेस्टिवल सीजन शुरू हो गया है और मार्केट भी नए व ट्रेंडी सामान से सजे हुए हैं। साथ ही घरों में त्योहार की तैयारियां शुरू होने लगी हैं। ऐसे में महिलाएं व युवतियां अपने श्रृंगार के लिए कई तरह के ज्वेलरी खरीदने बाजार पहुंच रही हैं। आकर्षक दिखने के लिए कई तरीके की हेयर स्टाइल, कपड़े और छोटी-छोटी एसेसरीज की मदद से खुद को प्रेजेंटेबल व ग्रोमिंग करना चाहती हैं। नवरात्रि के पहले से ही इससे रिलेटेड सामान की खरीदारी शुरू हो गई है, ताकि फेस्टिवल के समय शॉपिंग और भीड़भाड़ से बच सकें और त्योहार धूमधाम से मना सकें। गोलबाजार, संतोषी नगर व अन्य बाजारों में अभी रंगबिंरगी कौड़ी से बनी ज्वेलरी की बिक्री तेज हो गई है और नवरात्रि लुक के लिए इसे काफी पसंद किया जा रहा है। मार्केट में कुछ हैंडमेड सामान व कुछ रेडिमेड एसेसरीज बेची जा रही है, क्योंकि ग्राहकों को दोनों पसंद आ रहे हैं।

### कौड़ी से बने हाथों के लिए सिंगल कड़े, ब्रेसलेट व चूड़ी

गोलबाजार स्थित कबीर ज्वेलर्स में रेडिमेड ज्वेलरी के कई वैरायटीज हैं, जो यूथ को खास पसंद आ रही हैं। दुकान में आकर्षण का केंद्र सफेद व रंगबिरंगी कौड़ी से बने हुए जिसमें गले, हाथों के कड़े, ईयरिंग्स, ब्रेसलेट शामिल हैं। नवरात्रि को ध्यान में रखते हुए दुकान में ट्रेंडी सामान ही हैं, जिससे कोई ग्राहक खाली हाथ ना जा सके। सफेद कौड़ी से बना थैली के आकार में गले का हार, जिसे छोटे मिरर, धागों व अन्य एसेसरीज से बनाया गया है। साथ ही लाल व काले रंगों में गोल आकार से बना हार का भी पसंद किया जा रहा है। हाथों के लिए सिंगल कड़े, ब्रेसलेट व चूड़ी, जिसमें छोटे आकार के घुंघरू, मिरर, लाल, गुलाबी, पीले धागे से कढ़ाई की गई है। इनकी प्राइस 50 रुपए से 700 रुपए तक है।

### महिलाए हैंडमेड गले का सेट कर रहीं पसंद

नीता सिंघनिया ने बताया कि यूथ को ट्रेंडी लुक बेहद पसंद आता है और महिलाओं को हैंडमेड्र, इसलिए दोनों को ध्यान में रखते हुए दुकान में वही एसेसरीज उपलब्ध है और उसकी ही बिक्री हो रही है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया को यूथ ज्यादा फॉलो करते हैं, इसलिए मैंने भी वहीं से आइडिया लिया और खास नवरात्रि के लिए एसेसरीज बनाई है। उन्होंने बताया कि 2 से 10 साल तक की बच्चियों व युवतियों के चनिया चोली में सफेद कौड़ी का वर्क किया है, जो ड्रेस को हैवी लुक देता है। आगे बताया कि कमरबंध, मांगटीका के साथ सभी ज्वेलरी उपलब्ध हैं और महिलाओं को ज्यादा पसंद आ रही हैं। त्रिकोण, चतुर्भुज व गोल आकार में गले का सेट काफी पसंद किया जा रहा है। हाथों के लिए सिंगल पीस में चूड़ी, जिसमें पूरे धागों व कौड़ी से डिजाइन किया हुआ है। चनिया चोली को प्राइस 500 से 3000 तक है, वहीं ज्वलेरी की कीमत 100 से 1000 तक है। उन्होंने बताया कि हैंडमेंड बनी है, इसलिए थोडी प्राइस बढ़ी है, लेकिन फिर भी ग्राहक खरीदारी कर रहे हैं।

धर्म लाइव

## सामूहिक श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करने शक्तिपीठ में पंजीयन शुरू



**रायपुर।** पितृ पक्ष के अंतिम दिवस 21 सितंबर को सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या तिथि पर गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में सामूहिक श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान का विधान करने का अवसर प्रदान करने वाला है। इसके लिए अब तैयारी शुरू की गई है। शक्तिपीठ में सामूहिक श्राद्ध और तर्पण करने वाले सदस्यों का पंजीयन भी शुरू किया गया है। पंजीयन के हिसाब से सामग्री की व्यवस्था गायत्री शक्तिपीठ में की जाएगी। गायत्री परिवार ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला ने बताया कि इसमें लोग अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और सद्गति के लिए तर्पण और पिंडदान करते हैं। आयोजन न केवल धार्मिक कर्मकांड है बल्कि दया, सेवा और सामूहिकता का उत्सव भी है। पितृ पक्ष में लोग पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना के लिए आयोजन का हिस्सा बनते हैं। यह परंपरा अपनी जड़ों से जोड़ती और समाज को एक सूत्र में पिरोती है।

### आयोजन का हिस्सा बनने लोग दे रहे जानकारी

गायत्री शक्तिपीठ में सामूहिक श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान का आयोजन पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है। इसमें बड़ी संख्या में परिजनों और श्राद्ध, तर्पण करने वालों की मौजूदगी रहती है। इसे देखते हुए उनके लिए सामग्रियों की व्यवस्था गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा की जाती है। इसमें बड़ी संख्या में लोग भाग लेते हैं। इसमें देव-तर्पण, ऋषि-तर्पण और पितृ-तर्पण का विधान वैदिक मंत्रों से करवाया जाएगा। सामूहिक श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान के लिए पंजीयन की शुरुआत समता कॉलोनी में हो चुकी है। इस बार पंजीयन के हिसाब से ही पिंड दान, पूजा, तर्पण और श्राद्ध की सामग्रियों का इंतजाम किया जाएगा। इसके लिए हर साल आयोजन का हिस्सा बनने वाले परिजनों ने भी अपने पितरों का श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करने के लिए गायत्री परिवार से संपर्क करना शुरू किया है।

राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर विशेष, शहर के प्रकृति प्रेमियों की सहभागिता से भी वर्षभर निभाया जाता है दायित्व

# पेड़ों को बचाने अमृता देवी के विरोध पर की गई हत्या समाज के पर्यावरण प्रेमी हरियाली फैलाने रोप रहे पौधे

'पेड़ों को कटने से बचाने के लिए राजस्थान में बिश्नोई समाज की महिला अमृता देवी की अगवानी में किए गए विरोध के चलते 360 लोगों की हत्या हुई थी। फलस्वरूप, हर साल 11 सितंबर को राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर उनके त्याग को याद किया जाता है। समाज के लोग छत्तीसगढ़ में भी प्रकृति को हरा-भरा करने के लिए पौधे रोपने के बाद उनको सहेजने का दायित्व निभा रहे हैं। इस दिशा में शहर की कई संस्थाओं द्वारा पहल की जाती है, ताकि प्रदेश प्रकृति के लिहाज से हरा-भरा नजर आए।'



**रायपुर।** शहर में बिश्नोई समाज के लोग निवास करते हैं, जो अपने स्तर पर ऐतिहासिक घटना से प्रेरणा लेकर प्रकृति को हरा-भरा रखने और पौधरोपण की दिशा में काम करते हैं। इसको लेकर रामदेव बिश्नोई ने बताया कि 11 सितंबर का अब ऐतिहासिक महत्व बढ़ गया है। इस दिन को राष्ट्रीय वन शहीद दिवस घोषित किया गया है। बिश्नोई समाज द्वारा 1730 में हुई घटना को हमेशा याद किया जाता है। इस दिन अमृता देवी के नेतृत्व में बिश्नोई जनजाति के 360 से ज़्यादा लोगों ने मिलकर पेड़ों की कटाई का विरोध किया था। पेड़ों को बचाने को लेकर उनके विरोध के कारण ही राजस्थान के खेजरली में तत्कालीन राजा के आदेश पर उनकी हत्या की गई थी। लोगों को जीवन देने वाले पेड़ों को बचाने के लिए किया गया वह त्याग समाज को प्रकृति की रक्षा और उसके संवर्धन के लिए प्रेरित करता है। शहर के विधानसभा क्षेत्र में सारागांव स्कूल परिसर में पौधरोपण से शुरुआत की गई है।



### विकास की भेंट चढ़ने से पेड़ों को बचाया

प्रदेश में हरियाली के लिए काम करने वाली ग्रीन आर्मी संस्था के प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक अमिताभ दुबे ने बताया कि संस्था शहर में आनंद वाचनालय के पास वृक्षों को कटने से बचाया। इसके अलावा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्याल्य कैम्पस में ही बंजारी धाम क्षेत्र में पेड़ों की कटाई का विरोध किया। इसी तरह डीडी नगर, प्रियदर्शिनी नगर सहित कई जगहों से अभी तक सैकड़ों पेड़ों को विकास की भेंट चढ़ने से बचाया गया है। इसके साथ ही शहर और प्रदेश के लोगों को स्वच्छ हवा के साथ शुद्ध वातावरण देने में संस्था का हर मेंबर योगदान देता है। इसके लिए हमने हर क्षेत्र में वालंटियर्स तय किया है, जो पौधों के बचाव और उन्हें सहेजने में श्रमदान एवं समय दान करते हैं।

### स्कूल कैम्पस को हरा-भरा करने प्रयास

जोधपुर से आने के बाद बिलासपुर में फल-फ्रूड की खेती करने वाले श्रवण कुमार बिश्नोई अपनी रोजी-रोटी कमाने के साथ ही सरकारी कार्यालयों और स्कूल कैम्पस को हरा-भरा करने के लिए व्यक्तिगत प्रयास करते हैं। उन्होंने बताया कि पेड़ों को बचाने के लिए जिस राज्य का स्थान सर्वोपरि है। ऐसे समाज से सरोकार होने की वजह से लोगों को स्वच्छ हवा मिल सकें, इसमें अपनी सहभागिता निभाने पर हर साल 15 से 20 हजार रुपए खर्च करता हूं। उन्होंने बताया कि समाज के लोगों की बाहुल्यता नहीं होने से इस संदेश को अभी छोटे स्तर पर लोगों के बीच पहुंचाने का प्रयास करते हुए 500 से ज्यादा पौधे रोपे हैं।

### प्रकृति में हरियाली लाने के लिए पहल

सरजूबांधा मुक्तिधाम समिति के प्रमुख माधव लाल यादव ने बताया कि 11 सितंबर की महत्ता प्रकृति प्रेमियों के बीच प्रेरणादायक रही है। जब शिक्षा का अभाव था, उन दिनों में अमृता देवी ने पेड़ों को बचाने के लिए राजा के आदेश का भी विरोध किया था। हमारी संस्था ने भी प्रकृति को हरा-भरा रखने की भावना से ही 26 साल पहले सौ से ज्यादा पौधे रोपे थे। जो अब बगीचे का स्वरूप ले चुके हैं। सालभर पहले 1100 पौधे रोपने के साथ ही रख-रखाव और पानी देने के लिए माली तय किया है। इसके अलावा पुरखा गार्डन में भी चार सौ से ज्यादा पौधे रोपे गए हैं, जो आने वाले समय में लोगों को सुकून की छांव देंगे। आसपास के लोग कृष्ण मित्र फाउंडेशन के साथ गार्डन को साफ-सुथरा रखने समय-समय पर श्रमदान भी करते हैं।

सिटी लाइव

## रजत जयंती महोत्सव में राज्य की शिक्षा, स्वास्थ्य तकनीकी संस्थानों और औद्योगिक प्रगति पर चर्चा



**रायपुर।** शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत 'छत्तीसगढ़@2047' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे ने युवाओं को भविष्य निर्माता बताते हुए उनसे बेहतर सोच और सामूहिक भागीदारी का आह्वान किया। मुख्य वक्ता के रूप में साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. शशांक शर्मा ने बताया कि नीति आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए मिशन तैयार किया गया है, जिससे बहुआयामी विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जीडीपी, हस्तकला, औषधि और धान उत्पादन में हुई प्रगति की चर्चा की।

### संगोष्ठी में छत्तीसगढ़@2047 मिशन की योजनाओं की जानकारी

विशिष्ट वक्ता डॉ. प्रीति शर्मा ने राज्य की शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीकी संस्थानों और औद्योगिक प्रगति पर प्रकाश डाला। अन्य वक्ताओं में डॉ. रागिनी पांडेय, डॉ. महेंद्र सार्वा, डॉ. गौतमी भतपहरी, डॉ. कीर्ति श्रीवास उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रदेश की पारंपरिक संस्कृति, युवाओं की मेंटल हेल्थ, महिला स्व-रोजगार और ऊर्जा क्षेत्र की उपलब्धियों पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंतर्गत खेल विभाग द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर की खिलाड़ी छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। संयोजन डॉ. प्रीति कंसारा और संचालन डॉ. कल्पना मिश्रा व डॉ. रितु मारवाह ने किया।

## बॉलीवुड से शुरू हुआ हेल्दी पैरेंटिंग का ट्रेंड, अब शहर के पेरेंट्स भी बच्चों को नमक-शक्कर से रख रहे दूर

**रायपुर।** इन दिनों बॉलीवुड में नया हेल्दी पैरेंटिंग ट्रेंड तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें नवजात और छोटे बच्चों को एक से दो वर्ष की उम्र तक शक्कर और नमक से पूरी तरह दूर रखने की बात की जा रही है। कई सेलिब्रिटी पेरेंट्स ने अपने इंटरव्यू और सोशल मीडिया पोस्ट्स में कहा है कि वे अपने बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और शारीरिक विकास के लिए खाने में रिफाइंड शुगर या नमक शामिल नहीं करते हैं। बॉलीवुड से शुरू हुआ यह ट्रेंड अब आम लोगों के बीच भी तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से अब शहर के पेरेंट्स भी बच्चों की डाइट को लेकर पहले से ज्यादा सतर्क हो गए हैं।

बदलते वक्त के साथ पेरेंट्स भी बच्चों की डाइट चाट को फॉलो करना पसंद कर रहे हैं। पहले जहां 6 माह के बाद बच्चों को घर पर तैयार भोजन कराना शुरू किया जाता था, अब वहीं ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के पेरेंट्स चिकित्सकों की सलाह पर ही डाइट प्लान तैयार कर रहे हैं। वे रिफाइंड शुगर और टेबल सॉल्ट के बजाय फलों, सब्जियों और नेचुरल इंग्रेडिएंट्स से तैयार खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता दे रहे हैं।



### बच्चों के डाइट में फलों का रस और ड्राय फ्रूट शामिल करें



जिला अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. निलय मोझरकर ने शिशुओं के आहार को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि एक वर्ष की आयु तक बच्चों को शक्कर और नमक से दूर रखना चाहिए, ताकि उनका शारीरिक और मानसिक विकास सही दिशा में हो सकें। इस स्थिति में माता-पिता फल या सूखे मेवे जैसे प्राकृतिक वस्तुओं को डाइट में शामिल कर सकते हैं। ऐसे खाद्य पदार्थ न केवल पौष्टिक होते हैं, बल्कि बच्चों की पाचन क्रिया के लिए भी अनुकूल होते हैं। इन दिनों पेरेंट्स बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर जागरूक हो गए हैं। कई माता-पिता अपने बच्चों के लिए डायट प्लान बनाकर उसी के अनुसार भोजन तैयार करना पसंद करते हैं, सोशल मीडिया पर वायरल यह ट्रेंड साइंस के अनुसार सही है, जो बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा दे रहा है।

### एक साल तक बच्चों को न दें नमक और शक्कर

अंबेडकर अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश लालवानी ने बताया कि जन्म से लेकर एक साल तक के बच्चों को नमक और शक्कर देना सही नहीं है। इस उम्र में बच्चों का शरीर पूरी तरह विकसित नहीं होता, खासकर किडनी और लिवर का विकास धीरे होता है। डॉ. लालवानी के अनुसार, बच्चों की पाचन क्रिया भी एक साल की उम्र तक पूरी तरह सक्रिय नहीं होती, इसलिए नमक और शक्कर जैसे तत्वों का सेवन उनके लिए नुकसानदायक हो सकता है। वहीं, किडनी और लिवर पर असर पड़ना, पाचन में दिक्कत, ब्लड शुगर लेवल की समस्या और स्किन इंफेक्शन का खतरा हो सकता है।



## एल्युमिनी कमेटी ने किया राज्य स्थापना रजत जयंती पर परिचर्चा का आयोजन

**रायपुर।** दुर्गा महाविद्यालय की एल्युमिनी कमेटी द्वारा राज्य स्थापना के 'रजत जयंती वर्ष' के अवसर पर छत्तीसगढ़ के स्वर्णिम 25 वर्षों पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में शिक्षा, समाज और विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ के विकास सफर पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में संघर्ष की लंबी परंपरा रही है। पहले बस्तर क्षेत्र में 90 जवानों की शहादत के बाद सड़कें बनीं। उस समय बस्तर में आठ दिन तक बिजली का अभाव रहता था। पहले बस्तर जाने में लगभग 12 घंटे लगते थे, जो अब घटकर केवल 6 घंटे रह गया है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक और आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक सुधारों पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही युवाओं को प्रदेश स्तर पर विकास के क्षेत्र पर योगदान विशेष चर्चा की गई।

### शिक्षा, समाज और विकास से जुड़ी मुद्दों पर चर्चा

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आईएएस सुशील त्रिवेदी ने कहा कि खेती और निर्धनता एक-दूसरे के पूरक माने जाते थे, लेकिन अब धान की बाली से माता लक्ष्मी तक पहुंचने का रास्ता खुल चुका है और खेती एक लाभकारी व्यवसाय बन गया है। वहीं, वक्ता गणेश शंकर मिश्रा ने छत्तीसगढ़ के सीमेंट और लोहा उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर होने की बात कही। उन्होंने बाल विवाह प्रथा को समाप्त करने में राज्य सरकार की भूमिका को भी सराहा। कार्यक्रम के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल और मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकगीत पर शानदार नाट्य प्रस्तुति दी गई। इसका संचालन प्रो. अजय शर्मा ने किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. प्रतिभा मुखर्जी साहूकार, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, पूर्व विधायक वीरेंद्र पांडे, एल्युमिनी समिति के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, सत्यप्रकाश झुनझुनवाला, हरेराम शर्मा, अजय दानी, समेत पूर्व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

आराधना

## मांसाहार करने से बढ़ रही है तामसी प्रवृत्ति, मनुष्य जीवन हो शाकाहारी



**रायपुर।** मनुष्य का शरीर शाकाहार के लिए ही बना है। मांसाहार करने से जीवन में तामसी वृत्ति से पाप बढ़ता है। यही बीमारियों का भी कारण बनता है। मांसाहार करने वाला व्यक्ति उन्मत्त होगा, क्रोधी होगा, रोगी होगा। जिस देश में चावल की 12 हजार प्रजातियां पाई जाती हैं, 18 प्रकार के आम पाए जाते हैं, उस देश में मांसाहार की जरूरत ही नहीं है। धर्मसभा विद्वतसंघ जगतगुरु शंकराचार्य पीठम के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य वेदमूर्ति धनंजय शास्त्री ने महाराष्ट्र मंडल में जारी श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन बुधवार को यह प्रवचन दिया। आचार्य ने कहा कि अंग्रेजों ने भ्रांतियां फैलाई थी कि भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, शिवाजी महाराज भी मांसाहारी थे, जबकि क्षत्रिय होने के बाद भी उन्होंने मांसाहार नहीं किया। वेदों में लिखित माष की जान बूझकर गलत व्याख्या की गई। माष का अर्थ उड़द की दाल और गाय के दूध से है।

### मित्रतापूर्ण संबंध बनाए रखना चाहिए

भक्त प्रह्लाद और ध्रुव की कथा सुनाते हुए आचार्य शास्त्री ने कहा कि मनुष्य को अपने से अधिक गुणवान व्यक्ति के साथ हमेशा प्रीति का भाव रखना चाहिए। कम गुणवान के प्रति करुणा और समान गुण वाले से मैत्री का भाव होना चाहिए। अपने से अधिक योग्य व गुणवान व्यक्तियों के प्रति स्नेह और आदर का भाव रखना चाहिए। जो व्यक्ति गुण में कम हैं, उनके प्रति दया और करुणा रखना चाहिए। अपने समान या मिलते-जुलते गुणों वाले लोगों के साथ मित्रतापूर्ण संबंध बनाए रखना चाहिए। महाराज ने ऋषभ देव की कथा सुनाते हुए कहा कि जो जन्म देती है, वह जननी है। जो जनम देता है वह जनक है। दोनों संतति को जन्म देते हैं।

राजधानी के न्यूट्रिशन-डाइटिशियन ने हाइड्रेट रहने के बताए टिप्स

# गरबा प्रैक्टिस से पहले करें डिनर, छाछ, सत्तू और नींबू पानी शरीर में बढ़ाएगा एनर्जी

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** गरबा और डंडिया की प्रैक्टिस शहर में कई जगह शुरू हो चुकी है। डंडिया की खनक अलग-अलग जगहों से सुनाई देने लगी है। बच्चे, महिलाएं, पुरुष व युवा सभी दो से तीन घंटों तक प्रैक्टिस कर रहे हैं। कई प्रतिभागी जोशोखरोश में ज्यादा प्रैक्टिस करते हैं, जिससे स्वास्थ्य बिगड़ने की आशंका बनी रहती है। वर्तमान में बदलते मौसम में खानपान का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। चूंकि 45 मिनट से 2 घंटे तक प्रैक्टिस सेशन में प्रतिभागियों की 400 से 600 कैलोरी तक बर्न हो जाती है। ऐसे में बॉडी को हेल्दी व हाइड्रेट रखना जरूरी है। कुछ लोग नवरात्रि के समय डेली रुटीन के लिए पूरा डाइट प्लान बनाते हैं और उसी को फॉलो करते हैं। एक्सपर्ट के अनुसार बहुत लोग मनोरंजन व फिट रहने के लिए गरबा-डंडिया की प्रैक्टिस करते हैं, जिससे वे हेल्दी रह सकें। कुछ लोगों को सही डाइट और लिक्विड कितनी मात्रा में लेना चाहिए, इसका पता नहीं होता। ऐसे में उन्हें ऐसी न्यूट्रीशियंस डाइट की जरूरत है, जिससे उनका स्टेमिना बढ़े और बॉडी में हाईड्रेशन बना रहे। इसके लिए हरिभूमि टीम ने शहर की न्यूट्रिशन एंड डाइटिशियन से बात की कि किस तरह की डाइट गरबा के प्रैक्टिस सेशन और मुख्य समारोह तक प्रतिभागियों को लेनी चाहिए।

### रात में भूख लगने पर फ्रूट पुडिंग खाएं



शिल्पी गोयल वेलनेस एक्सपर्ट व डाइटिशियन ने बताया कि लोग कन्फ्यूजन में रहते हैं कि प्रैक्टिस से पहले डिनर करें या बाद में। उन्होंने बताया कि पहले ही डिनर करना चाहिए और फिर गरबा प्रैक्टिस में जाना चाहिए। डिनर में हैवी प्रोटीन हो, जिससे एनर्जी मिले। उसके लिए रोटी को रिप्लेस पर पनीर की रोटी, कई सब्जियों को मिलाकर खिचड़ी, सूप ले सकते हैं। बिना खाना खाए प्रैक्टिस में जाने पर लो बीपी हो सकता है। प्रैक्टिस के दौरान अपनी बॉडी को बस हाइड्रेट रखें। अगर रात में भूख लगे तो उसके लिए घर में फ्रूट पुडिंग बनाएं, जिसमें दही, नारियल पानी व बादाम का दूध, मिक्स फ्रूट्स और मिठास के लिए खजूर को मिलाकर खा सकते हैं।

### कोलड्रिंक्स से बचें, हाईड्रेशन के लिए नारियल और नींबू पानी लें

शहर की सीनियर न्यूट्रिशन एंड डाइटिशियन पूजा द्विवेदी ने बताया कि गरबा करते समय खूब एनर्जी लगती है और कई कठिन स्टेप्स के कारण तबीयत खराब होने की संभावना ज्यादा हो जाती है। ऐसे में हमें प्रैक्टिस या उपवास के दौरान हेल्दी खाना चाहिए, जिससे बॉडी में ऊर्जा बनी रहे और अगले दिन के लिए तैयार रहें। वे अपनी डाइट पर विशेष ध्यान दें। स्वस्थ बने रहने के लिए लिक्विड डाइट, सलाद और फ्रेश फ्रूट्स को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। प्रैक्टिस से पहले नीबू पानी, ग्लूकोज पानी लें और बाद में नारियल पानी पी सकते हैं, जिससे शरीर हाइड्रेट रहे। थकावट या गर्मी लगने पर कोलड्रिंक्स से बचें, क्योंकि ये सभी थोड़े समय के लिए राहत देते हैं, पर सर्दी व जुकाम हो जाता है। उन्होंने बताया कि रात में प्रैक्टिस की वजह से सभी सुबह देर से सोकर उठते हैं, ऐसे में विटामिन डी और विटामिन बी-12 की कमी हो जाती है। इसलिए दूध, दही, छाछ और दूध से बने व्यंजन शामिल कर सकते हैं। इससे शरीर में थकावट नहीं होती है। अपनी डेली डाइट में अलसी, पम्पकिन, सनफ्लॉवर सीड्स व मखाने को रखें, जिससे कैल्शियम की कमी दूर होती है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### श्रीमंत का चयन वर्ल्ड पैरा आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप बुल्गारिया के लिए



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के पैरा एथलीट और इंजीनियर श्रीमंत झा का चयन वर्ल्ड पैरा आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप 2025 के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 12 से 22 सितंबर तक बुल्गारिया में आयोजित होगी, जिसमें वे -85 किलोग्राम वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। श्रीमंत झा अब तक भारत के लिए 56 अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं और वर्ष 2025 में ही उन्होंने 4 अंतरराष्ट्रीय पदक हासिल किए हैं। श्रीमंत झा के इस चयन पर पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन इंडिया की अध्यक्ष प्रीति झंगियानी, महासचिव प्रवीण जॉर्डन, छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जी सुरेश बाबे, सचिव श्रीकांत, कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा साहू और कोच राजू साहू ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं है।

### सीएससीएस के प्रतिनिधि मिले उपमुख्यमंत्री साव से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) के संचालक विजय शाह एवं प्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से सौजन्य मुलाकात की तथा राज्य में क्रिकेट गतिविधियों को प्रोत्साहित करने हेतु चर्चा की। इस अवसर पर जुबीन शाह, प्रमोद शंकर शर्मा, जी.एस. मूर्ति, राजेश दवे, सिद्धार्थ पाठक, तरुणेश परिहार तथा हरी गुंडल्लापल्ली भी उपस्थित थे।

### चुने गए संभाग स्तरीय शालेय सॉफ्टटेनिस के खिलाड़ी



**रायपुर।** संभाग स्तरीय शालेय सॉफ्टटेनिस चयन स्पर्धा मायाराम सुरजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला चौबे कालोनी रायपुर में संपन्न हुई। जिसमें रायपुर, धमतरी, महासमुंद और बलौदा बाजार जिले के 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान चयनित खिलाड़ियों में 14 वर्ष बालिका में गंगा साहू, हुमेशवरी साहू, वेदिता साक्षी और अर्पिता सभी रायपुर से, 14 वर्ष बालक में तन्मय वासु, चुम्मन, वेदांत और दीपांशु सभी धमतरी से, 17 वर्ष बालिका में बरखा रानी गौड़, रिया, प्रेरणा फरिकार, संजना फरिकार, वेदिता रजक और विधा साहू सभी रायपुर से, 17 वर्ष बालक में संजय वर्मा, हिमेश, टिकेश ध्रुव, नोमेश बलौदा बाजार से, हरिशंकर साहू महासमुंद से , 19 वर्ष बालिका में चंचल सारथी, रिया सोनकर, यामिनी निषाद, रंजना चौहान और अंजली सिन्हा सभी रायपुर से और 19 वर्ष बालक में यश राज, विवेक, महेंद्र, गेंदराम बलौदा बाजार से और संजीव धमतरी से शामिल हैं।

### टी-20 में छत्तीसगढ़ की जीत, उर्मिला ने लिए 4 विकेट



**रायपुर।** गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सीनियर वुमेंस इंटर स्टेट टी-20 अभ्यास मैच 2024-25 आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित गोवा, हिमाचल प्रदेश और गुजरात आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। बुधवार को छत्तीसगढ़ का दूसरा मैच गोवा के विरुद्ध अहमदाबाद में खेला गया। गोवा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। गोवा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 16.3 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर केवल 69 रन ही बनाये। गोवा की ओर से हर्षिता यादव ने सर्वाधिक 31 रन तथा सुनंदा ने 14 रनों का योगदान दिया। गोवा के अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकडा नहीं छू सके। छत्तीसगढ़ के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया तथा बल्लेबाजो को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से उर्मिला हरीना ने 4 विकेट तथा अदिति ने 3 विकेट प्राप्त किये। 70 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ ने 13.2 ओवरों में 5 विकेट खोकर 70 रन बनाकर आसानी से मैच जीत लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से ऐश्वर्या सिंह ने सर्वाधिक 24 रन तथा प्रीति यादव ने 14 रनों का योगदान दिया। गोवा की ओर से सुनंदा ने 3 विकेट तथा विधि ने 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने 5 विकेट से मैच जीत लिया।

### बीसीए टीम का चयन 14 को

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित की जाने वाली अंडर-16 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन( बीसीए) की टीम भी भाग लेगी। बीसीए की टीम के गठन हेतु एक चयन स्पर्धा का आयोजन 14 सितंबर रविवार को सुबह 9:00 बजे से कल्याण कॉलेज स्थित इंडोर पिच में किया जाएगा। इस चयन स्पर्धा में जिन खिलाड़ियों को भाग लेना है, वह अपना रजिस्ट्रेशन 13 सितंबर तक कर लें। यह जानकारी भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने दी है।

## डायबिटीज नियंत्रण के लिए लाइफस्टाइल और आहार दोनों को ठीक रखना जरूरी

# डायबिटीज के शिकार हैं तो भूलकर भी न करें ऐसी गलतियां, वरना शुगर कंट्रोल करना हो जाएगा मुश्किल

डायबिटीज वैश्विक स्तर पर बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी उम्र के लोग इसका शिकार हो सकते हैं। यही कारण है कि कम उम्र से इसकी रोकथाम और बचाव को लेकर सावधानी बरतते रहना जरूरी है। डॉक्टर कहते हैं, ब्लड शुगर के स्तर को बढ़ने से रोकने के लिए लाइफस्टाइल और आहार दोनों को ठीक रखना जरूरी माना जाता है। आहार की इसमें विशेष भूमिका होती है। आप क्या खाते हैं और क्या नहीं इसका सीधा असर आपके शुगर के स्तर पर पड़ सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, डायबिटीज ऐसी बीमारी है जिसका सही प्रबंधन आपके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ा सकता है। इसमें बरती गई किसी भी तरह की लापरवाही से कई अन्य जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। जो लोग मधुमेह के शिकार हैं या जिनमें इसका जोखिम हो सकता है उन्हें कुछ बातों को लेकर खास सावधानी बरतने की



सलाह दी जाती है।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

लखनऊ स्थित पीजीआई में मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक अरुण बताते हैं, कई आदतें ऐसी हैं जो डायबिटीज की स्थिति को और खराब कर सकती हैं। ज्यादातर लोग इससे अनजान होते हैं। मधुमेह में क्या नहीं करना चाहिए इस बारे में जानकारी और उपायों का गंभीरता से पालन करना आपको गंभीर खतरों से सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है। डायबिटीज में चिकित्सक के नियमित परामर्श की जरूरत होती है। रक्त शुगर के स्तर की नियमित जांच न कराना और आवश्यक दवाओं को न लेना समस्या को बढ़ा सकती है। इसके अलावा दिनचर्या की कुछ बातों पर भी ध्यान देना जरूरी है।

### सिर्फ चीनी ही नहीं ये चीजें भी नुकसानदायक


चीनी से बनी चीजें ब्लड शुगर को तेजी से बढ़ाती हैं। डायबिटीज में मीठी चीजों से परहेज करना जरूरी है। पर सिर्फ इतना ही काफी नहीं है। ज्यादातर लोग अनजान होते हैं कि फास्ट फूड, जैसे बर्गर, पिज्जा, और प्रोसेस्ड स्नैक्स में अत्यधिक मात्रा में वसा और शर्करा होती है, जो शुगर को असामान्य रूप से बढ़ा सकती है। अगर आप इन चीजों का अधिक सेवन करते हैं तो भी मधुमेह का खतरा बढ़ सकता है। डायबिटीज रोगियों को समय पर भोजन की आदत बनाना भी जरूरी है।

### व्यायाम न करने की आदत नुकसानदायक

शारीरिक गतिविधि की कमी डायबिटीज के प्रबंधन को मुश्किल बना देती है। नियमित व्यायाम से शरीर की इंसुलिन सेंसिटिविटी बढ़ती है और ब्लड शुगर बेहतर तरीके से नियंत्रित होता है। व्यायाम न करना डायबिटीज की जटिलताओं को बढ़ा सकती है। आपको डायबिटीज हो या न हो फिर भी नियमित रूप से 30 मिनट व्यायाम की आदत जरूर बनाएं। व्यायाम से वजन भी कंट्रोल रहता है। अधिक वजन होने से मधुमेह का जोखिम भी बढ़ जाता है।

### ज्यादा स्ट्रेस (तनाव) ठीक नहीं

अत्यधिक तनाव लेने की आदत भी डायबिटीज



रोगियों के लिए नुकसानदायक है, इससे भी ब्लड शुगर बढ़ सकता है। तनाव की स्थिति में शरीर में स्ट्रेस हार्मोन (कॉर्टिसोल) का स्तर बढ़ जाता है, जो इंसुलिन की प्रभावशीलता को कम करता है। इसलिए तनाव कम करने के उपाय जैसे योग, ध्यान, और सही नींद लेना महत्वपूर्ण है। अच्छी और पर्याप्त नींद तनाव और डायबिटीज दोनों को कंट्रोल रखने का तरीका हो सकती है।





## गुड-बैड कोलेस्ट्रॉल में जानिए अंतर और इसकी अहमियत

भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल, बाहर का तला-भुना खाना, व्यायाम की कमी और तनाव, ये सब धीरे-धीरे हमारे शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल बढ़ा देते हैं और गुड कोलेस्ट्रॉल यानी एचडीएल को कम कर देते हैं। रोजमर्रा की जिंदगी में हम जो कुछ भी करते हैं उसका असर सीधे हमारे शरीर पर पड़ता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को सावधानी बरतते रहने की सलाह देते हैं। गड़बड़ लाइफस्टाइल और खराब खानपान के कारण जो समस्या तेजी से बढ़ती जा रही है उनमें से कोलेस्ट्रॉल भी एक है। कोलेस्ट्रॉल वैसे तो हमारे शरीर के लिए जरूरी होता है पर अगर ये जरूरत से ज्यादा हो जाए तो दिल की सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है।

भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल, बाहर का तला-भुना खाना, व्यायाम की कमी और तनाव, ये सब धीरे-धीरे हमारे शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल बढ़ा देते हैं और गुड कोलेस्ट्रॉल यानी एचडीएल को कम कर देते हैं। कौन सा कोलेस्ट्रॉल अच्छा है, कौन सा नुकसान करता है, इसकी मात्रा कितनी होनी चाहिए, ये सब समझकर आप अपने शरीर को सुरक्षित रख सकते हैं। आइए इस बारे में विस्तार से समझते हैं।



### पहले जानिए कोलेस्ट्रॉल क्या है?

कोलेस्ट्रॉल एक प्रकार का वसायुक्त पदार्थ या फैट है जो हमारे शरीर में कोशिकाओं की झिल्ली बनाने, हार्मोन निर्माण और पाचन के लिए जरूरी होता है। लेकिन जब शरीर में इसका स्तर अधिक हो जाता है, तो यह सेहत के लिए खतरा बन सकता है। खासकर आज की जीवनशैली, जंक फूड, तनाव, और शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण कई लोग उच्च कोलेस्ट्रॉल की समस्या से जूझ रहे हैं।

हाई कोलेस्ट्रॉल की वजह से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। यह धमनियों की दीवारों पर जमा होकर उन्हें संकरा कर देता है, जिससे रक्त का प्रवाह बाधित होता है। परिणामस्वरूप हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, यह समझना जरूरी है कि कोलेस्ट्रॉल पूरी तरह से खराब नहीं होता। यह शरीर के लिए आवश्यक है, लेकिन जब इसका संतुलन बिगड़ता है तभी यह सेहत के लिए खतरा बनता है। कोलेस्ट्रॉल दो प्रकार का होता है– गुड कोलेस्ट्रॉल और बैड कोलेस्ट्रॉल। दोनों का शरीर में अलग-अलग काम होता है, इसलिए इनके संतुलन को समझना जरूरी है।

### क्या होता है बैड कोलेस्ट्रॉल

जैसा कि नाम से ही पता चलता है, बैड कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) नुकसानदायक है, यह धमनियों में जमा होकर उन्हें संकरा कर देता है। इससे रक्त प्रवाह कम हो सकता है और दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। जब एलडीएल का स्तर ज्यादा हो, तो इसे कम करने के लिए भोजन में संतुलन और व्यायाम के साथ दवाओं की जरूरत हो सकती है।

# अखिल भारतीय विद्युत शटल बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से

**रायपुर।** 47वीं ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी शटल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आगाज 11 सितंबर को राजधानी में होगा। इसमें 10 राज्यों की पॉवर कंपनियों के खिलाड़ी शामिल होंगे। इसमें लगभग 300 मैच होंगे, जिसमें ओपन सिंगल, ओपन डबल और टीम इवेंट होंगे। इसकी मेजबानी छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की सेंट्रल स्पोर्ट्स एंड कल्चरल कमेटी कर रही है। स्पर्धा का समापन 13 सितंबर को होगा। आयोजन समिति के प्रमुख व कार्यपालक निदेशक (वित्त) एमएस चौहान ने बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन-जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव होंगे। अध्यक्षता उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में पारेषण कंपनी के प्रबंध



निदेशक राजेश कुमार शुक्ला एवं वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता के लिए विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी पहुंच चुके हैं। जिसमें कर्नाटका पॉवर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, कर्नाटका पॉवर कार्पोरेशन, तमिलनाडू पावर डिस्ट्रीब्यूशन कार्पोरेशन लिमिडेट, यूपी पावर कार्पोरेशन लिमिटेड, केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, आंध्रप्रदेश ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, तेलंगाना ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, असम स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड और दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड की टीम शामिल है।

# किचन के अंदर पूजा का स्थान बनाने से पहले लें वास्तु सलाह

किचन और पूजा का स्थान दोनों ही घर के लिए बहुत मायने रखते हैं। ऐसा कहा जाता है कि इन स्थानों को हमेशा वास्तु के अनुरूप ही बनाना चाहिए जिससे घर में खुशहाली बनी रहती है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के भीतर स्थानों की व्यवस्था का अत्यधिक महत्व दिया जाता है। घर में कौन सी चीज कहां रखी है और उसका स्थान कहां होना चाहिए ये बात बहुत ज्यादा मायने रखती है।

### घर में पूजा के स्थान को एकांत जगह पर रखने का महत्व

यदि आपके घर में पूजा का स्थान है तो इसे घर के अन्य हिस्सों से दूर होना चाहिए और ऐसी जगह पर होना चाहिए जहां ज्यादा शोर-शराबा न हो। पूजा का मंदिर हमेशा व्यक्ति में मन को शांत रखने में योगदान देता है।

जब भी हमारा मन अशांत होता है उस समय हम एक शांत स्थान की तलाश में होते हैं, ऐसे में पूजा का स्थान बहुत ज्यादा महत्व रखता है। प्रार्थना कक्ष को घर में एक पवित्र स्थान माना जाता है जहां लोग धार्मिक अनुष्ठान, ध्यान और पूजा करते हैं। इसे आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का स्रोत माना जाता है। इसलिए, इसका स्थान यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़े और घर के अन्य क्षेत्रों के साथ टकराव न हो।

### पूजा कक्ष के लिए वास्तु कैसा होना चाहिए

वास्तु शास्त्र के अनुसार, पूजा कक्ष आदर्श रूप से ऐसे स्थान पर स्थित होना चाहिए जो शांत और ध्यान और प्रार्थना के लिए अनुकूल हो। पूजा कक्ष के लिए सबसे अनुशंसित स्थानों में घर का पूर्वोत्तर कोना, पूर्व या उत्तर कोना होना चाहिए। पूजा के स्थान के लिए ये सभी दिशाएं सबसे ज्यादा शुभ मानी जाती हैं।


रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778


क्लीन किचन
प्योर वेज थाली (पार्सल)
110/-,160/-, 210/-
पार्सल हेतु संपर्क करें :
रायपुर हॉस्टल
पेंशनबाड़ा, पुलिस पब्लिक स्कूल के सामने, रायपुर
✆ 88780 00127, 79998 44943
AC, Non-AC रूम उपलब्ध 24X7
: कॉल करें :
बॉयज़ एवं गर्ल्स पी.जी.
सर्वसुविधायुक्त, शुद्ध शाकाहारी भोजन व नाश्ता
किटी पार्टी, बर्थ डे पार्टी के लिए उपयुक्त
स्टूडेंट्स हेतु मासिक भोजन पर 10%
4 थाली पर 1 थाली FREE (पार्सल)
शुगर फ्री थाली
LOW CALORY
आलू, प्याज, लहसुन रहित पौष्टिक एवं शुद्धतापूर्ण हाईजेनिक

नये जमाने की जरूरत aura astrology
www.astrologywithaura.com
कुण्डली- स्वास्थ्य- चक्र -औरा में एक साथ सुधार
50 सालों में बहुत कुछ बदल गया... नये फार्मूले की जरूरत
ज्योतिष का ज्ञान नहीं, जन्म का सही समय नहीं, मिट्टी से संपर्क नहीं, अटैच बाथरूम, मिलावटी गहने, रत्नों पर सावधानी
राजेश श्रीवास्तव, 11 ए, रवि नगर, पंडरी, रायपुर (छग) 76919 06755, 76929 51173

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

3x6=350, 4x6=500
टेंट हाउस गद्दा, चैन कवर लगा हुआ
3*6=1000=4*6=1350=6*6 =2100,4ईंच, मोटा
3*6=1300=4*6=1750=6*6 =27005ईंच, मोटा
संजय रुई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262


शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"
माननीय विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार छ.ग. शासन के उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र क्रं. 1889 नया रायपुर दि. 4.8.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यो को महाविद्यालयीन ग्रंथालय हेतु उक्त शोधग्रंथ को उपयोगितानुसार क्रय किया जाने का आदेश जारी किया गया है। प्राप्ति स्थल–सेन्ट्रल बुक हाउस, पुस्तक प्रतिष्ठान सदर बाजार रायपुर आदि पुस्तक दुकानों में उपलब्ध है, पृष्ठ संख्या 420, मुल्य 700 रू.। महाविद्यालयों के ग्रंथालयों हेतु 25% छुट के लिए सम्पर्क करे – डॉ.टी.आर.रामटेके, संजय नगर, मुख्य मार्ग, रायपुर (छ.ग.), मो.8349362428।

Starting Price 45,000/-*
DYNAMO Electric Vehicle
0% Down Payment
2 Year Warranty 3 सर्विस फ्री
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
2 Year Warranty
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
बढ़ती कीमतों से फायदा
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं।
CHAWLA ELECTRIC
जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900





शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"
शोधलेखक डॉ.टी.आर.रामटेके। (पीएच.डी. उपाधि हेतु इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छ.ग. से स्वीकृत शोधप्रबंध )। जिसमें छत्तीसगढ़ के किले, पुरातात्विक स्मारकों की स्थापत्य कला तथा छत्तीसगढ़ के प्राचीन काल से कलचुरी काल (ई.1750) तक का राजनीतिक इतिहास को लगभग 150 रेखाचित्र एवं 450 रंगीन छायाचित्र के माध्यम से विश्लेषण किया गया है। जिसे राज्य के महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को समझना आवश्यक है, जो सीजीपीएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अमेरिकी मशहूर बैंड लिंकिन पार्क भारत में करने वाला है डेब्यू



अमेरिकी मूल का प्रसिद्ध बैंड लिंकिन पार्क अपने 'फ्रॉम जीरो वर्ल्ड टूर' के तहत भारत में पहली बार डेब्यू करने जा रहा है, जिसकी पुष्टि हो चुकी है। अमेरिकी रॉक बैंड लिंकिन पार्क अब भारत में भी अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार है, जिसकी शुरुआत मुंबई से होगी। फ्रॉम जीरो वर्ल्ड टूर के तहत बैंड का यह पहला कार्यक्रम भारत में होने वाला है, जिसकी आधिकारिक पुष्टि हो चुकी है। बैंड ने बताया कि वह लोलापालूजा इंडिया में प्रस्तुति देने वाले हैं। इसी हफ्ते अमेरिकी रॉक बैंड लिंकिन पार्क ने घोषणा कि वे 25 जनवरी, 2026 को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में लोलापालूजा इंडिया में परफॉर्म करेंगे। बैंड का यह कार्यक्रम उनके 'फ्रॉम जीरो वर्ल्ड टूर' के तहत भारत में पहला इवेंट होगा। इस शो की टिकटों की बिक्री भी शुरू हो चुकी है। इस इवेंट के टिकट्स दर्शक 28 अगस्त को दोपहर 12 बजे से ऑन लाइन मिलना शुरू हुए हैं। बैंड के सदस्य माइक शिनोडा ने कहा, ₹भारत एक ऐसी जगह है जहां हम लंबे समय से परफॉर्म करना चाहते थे। हमारे प्रशंसक वहां अविश्वसनीय रूप से उत्साही हैं और हम आखिरकार अपना लाइव शो उनके सामने लाने के लिए बेताब हैं।₹ आपको बताते चलें कि यह लोलापालूजा इंडिया का चौथा संस्करण होगा, जिसमें पहले स्टिंग, ग्रीन डे, जोनास ब्रदर्स, शॉन मेंडेस, इमेजिन ड्रैगन्स, एपी ढिल्लों, डिवाइन, रघु दीक्षित और प्रभ दीप जैसे कलाकार शामिल हो चुके हैं। हालांकि अभी इसके बार में आधिक जानकारी सामने आना बाकी है।

### टॉलीवुड

## तब्बू ने शुरू की सेतुपति के साथ पुरी की अगली फिल्म की शूटिंग



तब्बू ने अपनी आगामी पैन-इंडिया फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी तब्बू ने खुद सोशल मीडिया पर शेयर कर दी है। बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू ने अपनी अगली बड़ी साउथ फिल्म के लिए कमर कस ली है। उन्होंने इस साउथ फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है। यह फिल्म मशहूर निर्देशक पुरी जगन्नाथ की है, जिसमें विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में हैं। तब्बू ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की, जिसमें फिल्म का क्लैपरबोर्ड दिख रहा है। उन्होंने इसे 'साउथ का धमाका' बताया। यह फिल्म तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में विजय सेतुपति और संयुक्ता मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि तब्बू और विजय कुमार भी अहम किरदार निभा रहे हैं। तब्बू इस फिल्म में एक दमदार खलनायक की भूमिका में दिख सकती हैं। तब्बू की पोस्ट पर फैंस ने खूब प्यार बरसाया। एक फैन ने लिखा, 'क्वीन तब्बू और विजय सेतुपति की जोड़ी कमाल होगी', एक और फैन ने लिखा, 'इस धमाके का इंतजार है', वहीं कई फैंस इस जोड़ी और पुरी जगन्नाथ की फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हैं। फैंस को तब्बू की इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। पुरी जगन्नाथ अपनी फिल्मों में मजबूत किरदारों के लिए जाने जाते हैं। तब्बू इससे पहले 'मकबूल' और 'अंधाधुन' जैसी फिल्मों में नकारात्मक भूमिकाएं निभा चुकी हैं। कथित तौर पर इस फिल्म में भी उनका किरदार कुछ खास होने की उम्मीद है। फिल्म का निर्माण पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले हो रहा है। इसे चार्मी कौर, जेबी मोशन पिक्चर्स और जेबी नारायण राव कोंड्रोला प्रस्तुत कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## 'भौजी हमार देवी भईया भगवान' का ट्रेलर आया, दर्शक हुए भावुक



संजना पांडेय की नई भोजपुरी मूवी 'भौजी हमार देवी भईया भगवान' के ट्रेलर पर दर्शक खूब प्यार लुटा रहे हैं। इस फिल्म के ट्रेलर को दो दिन में ही लाखों लोगों ने देख लिया है। कहानी भाई-भाभी, देवर और देवरानियों की है। आखिरी में जो होता है, वो देख कलेजा पसीज उठेगा।
'भौजी हमार देवी भईया भगवान' फिल्म के दिल छू लेने वाला ट्रेलर रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें संजना पांडेय से लेकर शिवम तिवारी और खुशी झा सहित कई सितारे हैं। 5 सितंबर को रिलीज हुए इस ट्रेलर को दो दिन में ही 7 लाख 30 हजार से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। भोजपुरी फिल्म 'भौजी हमार देवी भईया भगवान' की कहानी झकझोर देने वाली है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि भाभी और भईया के बच्चे नहीं हैं। भाभी अपने दोनों देवरों को ही अपने बच्चे की तरह पालती है। भईया और भाभी दोनों उनकी पढ़ाई के लिए खेत बेच देते हैं और बैंक से लोन भी लेते हैं। दोनों भाई भी अपनी भाभी को मां के समान प्यार और सम्मान देते हैं। भाई को भी भगवान की तरह पूजते हैं। पर जब उनकी शादी हो जाती है, तब धीरे-धीरे उनका बर्ताव बदलने लगता है। दोनों देवरानियों को अपनी जेठानी फूटी आंख नहीं सुहाती है। वो अपने-अपने पतियों को शहर जाने के लिए फुसला लेती हैं। इसके बाद भी जब उन्हें अपने बड़े से घर में नौकर की जरूरत पड़ती है, तब अपनी जेठानी को गांव से शहर ले जाती हैं और जेठ को अकेले गांव में ही छोड़ देती हैं।

लाइफ स्टाइल



जेन ज़ेड की कदमताल

लगातार विकसित होते फ़ैशन परिदृश्य में, जेनरेशन ज़ेड ने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्लेटफ़ॉर्म पर अपनी जगह बना ली है, जहाँ रुझानों की गति उनकी गति से मेल खाते हुए कदमताल कर रही है। बार्बीकोर से लेकर के-पॉप कोर, मेटैलिक फ़ैशन और उससे भी आगे, जेनरेशन ज़ेड उपभोक्ता विविध और गतिशील रुझानों को अपना रहे हैं।

## बिना रिमूवर के छुड़ानी है नेल पॉलिश तो अपनाएं ये तरीके

कई बार दिक्कत तब सामने आती है जब हम पुरानी नेल पॉलिश हटाना चाहते हैं लेकिन हमारे पास नेल रिमूवर नहीं होता। ऐसे में महिलाएं पुरानी नेल पॉलिश के ऊपर ही नई नेल पॉलिश लगा लेती हैं। ऐसे में आप कुछ घरेलू तरीके इस्तेमाल कर बिना नेल रिमूवर के भी नेल पॉलिश हटा सकते हैं।

**टूथपेस्ट:** जिस तरह से दातों को चमकाने के लिए टूथपेस्ट का इस्तेमाल होता है, ठीक उसी तरह से इसकी मदद से नाखूनों को भी चमका सकते हैं। इसके लिए नाखूनों पर टूथपेस्ट लगाएं और नाखूनों को हल्के ब्रश की मदद से हल्का सा रगड़े। ऐसा करने से नेल पॉलिश छुट जाएगी।

**टूथपेस्ट और बेकिंग सोडा:** अगर आप टूथपेस्ट में बेकिंग सोडा मिलाकर इसे नाखूनों पर लगाएंगी तो इससे भी पुरानी नेल पॉलिश छुट जाएगी।

**र्म पानी:** अगर आप गर्म पानी की मदद से नेल पॉलिश हटाना चाहते हैं तो इसके लिए थोड़ा सा पानी गर्म कर लें। इसके बाद नाखूनों को 25-30 मिनट तक गर्म पानी में भिगोकर रखें। धीरे-धीरे नेल पेंट अपने आप छूट जाएगी।

**नींबू:** आप गर्म पानी में नींबू का रस मिलाकर भी नेल पॉलिश को छुड़ा सकती हैं। इसकी मदद से आपके नाखून एक दम साफ हो जाएंगे।

**हाइड्रोजन पेरॉक्साइड:** गर्म पानी में हाइड्रोजन पेरॉक्साइड को मिलाकर आप पुरानी नेल पॉलिश को हटा सकते हैं। हाइड्रोजन पेरॉक्साइड में नाखूनों में मिलाने के बाद नेल फाइलर से रब करने पर नेल पॉलिश रिमूव हो जाएगी।



**सिरका:** नेल पॉलिश हटाने के लिए आप सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सिरके में नींबू का रस मिलाकर हाथों पर लगाएं और फिर 10 मिनट बाद गर्म पानी से धोने पर नेल पॉलिश अपने आप हट जाएगी।

## खरीदने जा रही हैं कुर्ता तो रखें इन बातों का ध्यान, देखकर लोग करेंगे तारीफ



हर उम्र की महिला के पास कुर्तों का कलेक्शन तो मिल ही जाता है। महिलाएं कुर्ता पहन कर काफी कंफर्टेबल रहती हैं। इसको खरीदते वक्त आपको कुर्ते के ढेरों पैटर्न, कलर्स, स्टाइल आसानी से मिल जाते हैं। इसे महिलाएं प्लाजो, जींस, स्कर्ट और पैंट के साथ भी कैरी करती हैं। महिलाएं सबसे ज्यादा क्लासिक ए-लाइन कुर्ता से लेकर लेटेस्ट ट्रेंड हाई एंड लो कुर्ता तक में काफी कंफर्टेबल रहती हैं। हर तरीके के कुर्ते बाजार से लेकर ऑनलाइन आसानी से मिल जाते हैं। कुर्ता खरीदने वाली हर महिला के लिए ये जानना बेहद जरूरी है कि वो कुर्ता खरीदते वक्त क्या देखती हैं। दरअसल, जिस तरह से एक परफेक्ट कुर्ते में आपका लुक निखर सकता है, वहीं दूसरी ओर अगर कुर्ता सही नहीं होगी तो ये आपके लुक को खराब कर सकता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको कुर्ता खरीदते वक्त जरूर रखना चाहिए।



### रखें फैब्रिक का ध्यान

कुर्ता खरीदते समय उसके फैब्रिक पर ध्यान जरूर दें। हमेशा मौसम के हिसाब से ही कुर्ता खरीदना चाहिए। अगर कुर्ते का फैब्रिक ज्यादा हल्का होगा तो ये ज्यादा चलेगा नहीं, वहीं ज्यादा मोटा होने पर ये गर्मी कर सकता है।

### पैटर्न

हर कार्यक्रम के हिसाब से कुर्ते के पैटर्न अलग-अलग आते हैं। अगर आपको स्टेटमेंट लुक चाहिए तो सिंपल ए लाइन कुर्ता ही बेस्ट है पर, जिन महिलाओं को एवरग्रीन लुक चाहिए, वो क्लासिक अनारकली या अंगरखा स्टाइल में से कुछ चुन सकती हैं। ये देखने में काफी क्लासी लगते हैं।

### जरूर देखें लंबाई

कुर्ता खरीदते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि आप उसे किसके साथ पहनने वाली हैं। जैसे कि प्लाजो या स्ट्रेट पैंट के साथ लॉंग कुर्ता चल जाता है, सलवार के साथ ये बेहद अजीब लगता है। कुर्ते की फिटिंग को इग्नोर करने की गलती ना करें। कुर्ते का डिजाइन चाहे जितना भी अच्छा हो, अगर उसकी फिटिंग खराब होगी तो ये देखने में अजीब लगेगा।

## पिगमेंटेशन के निशान हटाने घर पर तैयार करें फैसपैक

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे शरीर में कई तरह के बदलाव सामने आते हैं। उम्र बढ़ने के अलावा आजकल के खानपान, तनाव और यूवी किरणों की वजह से भी शरीर में कई तरह की परेशानियां सामने आती हैं। इन सबका सबसे ज्यादा असर चेहरे पर ही दिखाई देता है। इसी वजह से चेहरे पिगमेंटेशन, ब्लैक स्पॉट, पिंपल्स दिखाई देने लगते हैं। घरेलू नुस्खे या फिर दवाइयों की मदद से हम इन परेशानियों से तो छुटकारा पा लेते हैं लेकिन परेशानी तब सामने आती है जब ये दिक्कतें तो सही हो जाएं लेकिन इनके दाग चेहरे पर रह जाएं। इन्हें छुड़ाने घरेलू उपाय अपना सकते हैं।

### बनाने की विधि


अगर आप ये पैक बनाने जा रही हैं तो सबसे पहले एक बाउल में दो चम्मच दही लेकर उसे फेंट लें। इसके बाद इसमें चावल का पाउडर मिलाकर उसमें मुल्तानी मिट्टी मिलाएं। एक चुटकी हल्दी, दो बूंद नींबू का रस और शहद मिलाकर इसका पेस्ट तैयार करें। बस आपका फैसपैक तैयार है।



### लगाने की विधि

इस फेसपैक को लगाने के लिए सबसे पहले अपने चेहरे को अच्छे से धो लें। अब किसी ब्रश की मदद से इस पेस्ट को चेहरे से लेकर गले और गर्दन में अच्छे से लगाएं।
पैक लगाने के बाद इसे तकरीबन 20 मिनट तक सूखने दें। जब से सही से सूख जाए तो चेहरे को सादे पानी से साफ करें। ध्यान रखें कि चेहरे को रगड़ें नहीं। चेहरा साफ करने के बाद कॉटन बॉल में कच्चा दूध लेकर चेहरे पर लगाएं। इस पैक को आप हफ्ते में 4 बार तक लगा सकते हैं। दो हफ्ते इस्तेमाल करने से आपको इसका असर दिखने लगेगा।

## छोटी आंखों वाली ऐसे करें मेकअप



रोजाना की जिंदगी में महिलाएं मेकअप करना काफी पसंद करती हैं। अक्सर आपने देखा होगा कि छोटी आंख वाली महिलाएं मोटा-मोटा आई लाइनर लगा लेती हैं। उन्हें लगता है कि मोटा आई लाइनर लगाने से आंखें बड़ी लगती हैं लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं है।
अगर आप अपनी आंखों को आकर्षित दिखाना चाहती हैं तो कोशिश करें यह विंग्ड आईलाइनर हो। मोटा आईलाइनर आपके लुक को खराब कर सकता है। अपने ड्रेसअप के हिसाब से ही विंग्ड आई लाइनर लगाएं। ऐसा माना जाता है कि काजल लगाने से आंखें बड़ी लगती हैं, पर अगर आप सही तरीके से काजल नहीं लगाएंगी तो आपका लुक खराब दिखेगा। इतना ही नहीं ऐसा करने से आपकी आंखें भी अजीब दिखेंगी। अगर आपकी आंखें छोटी हैं तो हमेशा वॉटर लाइन पर ही काजल लगाएं। इससे आपकी आंखें खूबसूरत लगेंगी। आंखों के मेकअप में मस्कारा का काफी अहम रोल होता है। छोटी आंख वाली महिलाएं इसका इस्तेमाल करते वक्त ध्यान रखें कि आप कम मात्रा में ही मस्कारा का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही बार-बार मस्कारा का कोट ना लगाएं, इससे पूरा लुक बिगड़ सकता है। अपना आई मेकअप शुरू करने से पहले आई बेस जरूर लगाएं। एक तो इसके इस्तेमाल से आपकी आंखें और ज्यादा खूबसूरत दिखेंगी और साथ में इसकी वजह से आपका मेकअप हाईलाइट होगा।

कार्नर न्यूज

बारिश के जाने के बाद स्किन की देखभाल होती है बड़ी चुनौती

## मानसून बाद स्किन हो जाती है बेजान, कुछ जरूरी टिप्स अपनाकर पाएं खिला हुआ रूप

मानसून खत्म होते ही अक्सर लोगों को त्वचा से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं। हालांकि इन दिनों बारिश पूरी तरह से गई नहीं है और सर्दियों ने दस्तक नहीं दी है। लेकिन जल्द ही सर्दियों के आते-आते ज्यादातर लोगों के लिए स्किन पर दाने, सोरायसिस, और रूखी त्वचा जैसी परेशानियां बढ़ जाएंगी। अगर आप भी ऐसी समस्याओं से परेशान हैं, तो अब घबराने की जरूरत नहीं है। मानसून के जाने के बाद अपने शरीर को कैसे रीफ्रेश और एनर्जेटिक रख सकते हैं, यहां कुछ टिप्स बताए जा रहे हैं। इनको फॉलो कर आप अपने बॉडी को हेल्दी रख सकते है-

### सूखे और बेकरी उत्पादों से बचें

हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें मानसून के बाद शरद ऋतु यानी सर्दियों के मौसम में पित्त का प्रभाव ज्यादा होता है, जिससे सोरायसिस जैसी बीमारियां बढ़ जाती हैं। इस मौसम में सूखे और बेकरी उत्पादों का सेवन कम करना चाहिए, क्योंकि ये पित्त को बढ़ाते हैं और त्वचा की समस्याओं को बढ़ावा देते हैं।



### पेट साफ रखें

आपका पेट साफ होना बहुत जरूरी है। पेट की साफ-सफाई का सीधा असर आपकी त्वचा पर पड़ता है, इसलिए समय-समय पर पेट को साफ रखें।

### मौसमी सब्जियों का सेवन करें

अपने भोजन में करेला, परवल, आंवला, लौकी, नारियल और अंकुरित अनाज जैसे मौसमी सब्जियों का सेवन बढ़ाएं। ये सब्जियां आपकी त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करती हैं।

### नियमित व्यायाम करें

पित्त की अधिकता के कारण इस मौसम में रक्तचाप भी बढ़ सकता है। इसलिए अपने आहार के साथ-साथ नियमित व्यायाम करना भी बहुत महत्वपूर्ण है। इससे रक्तचाप नियंत्रण में रहता है और त्वचा स्वस्थ रहती है।

हल्का भोजन करें

पित्त रोगों से बचने के लिए हल्का भोजन करना चाहिए। गेहूं की रोटियों की बजाय जौ और मूंग दाल की रोटियों का सेवन करें। इससे आपका पेट हल्का रहेगा और त्वचा की समस्याएं कम होंगी।

### पर्याप्त पानी पीएं



इस मौसम में उचित मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है। पानी त्वचा को हाइड्रेट रखता है और त्वचा के रोगों से बचाने में अहम भूमिका निभाता है।